शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 157 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 02 जुलाई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## विपक्ष की भूमिका संसद में विनाशकारी: नड्डा

### विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भी राहुल के बयान पर किया कटाक्ष

**नई दिल्ली**

**लोक सभा** में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनकी भूमिका संसद में रचनात्मक नहीं, बल्कि विनाशकारी है। पिछले 60 वर्षों में कभी भी किसी विपक्ष को लगातार जनता ने तीन बार खारिज नहीं किया। वे जिस तरह से कार्य कर रहे हैं, आने वाले समय में वे अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने भाषण के पहले दिन ही सबसे खराब प्रदर्शन किया है। उन्हें 2024 का जनादेश (उनकी लगातार तीसरी हार) समझ नहीं आया है और न ही उनमें कोई विनम्रता आई है। सोमवार को जेपी नड्डा ने एक्स पर दिए अपने बयान में कहा कि राहुल गांधी को सभी हिन्दुओं को हिंसक बताने के लिए तुरंत माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने विदेशी राजनयिकों को भी बताया था कि हिन्दू आतंकवादी है। उनके अंदर हिन्दुओं के प्रति यह आंतरिक नफरत बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता पांच बार के सांसद हैं, लेकिन उन्होंने संसदीय मयार्दाएं नहीं सीखीं और न ही उन्हें सभ्यता की समझ है। उन्होंने भाषण के स्तर को गिरा दिया है। इतना ही नहीं उनके सभापति के प्रति वक्तव्य बहुत खराब थे। लोकसभा अध्यक्ष की सत्यनिष्ठा पर अप्रमाणित आक्षेप



### राहुल गांधी ने संसद की गरिमा को गिराया - भाजपा

**नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नेता विपक्ष राहुल गांधी के लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर दिए गए वक्तव्य और आचरण को अपरिपक्व बताया है और कहा कि राहुल गांधी ने संसद की गरिमा को गिराया है। भाजपा ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद बहुत ही जिम्मेदारी का पद होता है। इस पद की अटलजी, आडवाणीजी, सुषमाजी ने जिम्मेदारी संभाली है। आज राहुल गांधी ने पहली बार कोई



पद संभाला है और बहुत ही गैर जिम्मेदाराना आचरण किया है। सोमवार को केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव, किरेन रिजिजू और सुधांशु त्रिवेदी ने संयुक्त पत्रकार वार्ता कर राहुल के आचरण और बयानों की निंदा की। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि विपक्ष के नेता का पद बहुत जिम्मेदार पद है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पहली बार कोई जिम्मेदारी ली है लेकिन पहली ही बार में उन्होंने बेहद गैरजिम्मेदाराना बयान दिया है। राहुल गांधी ने आज संसद की गरिमा और लोकसभा में विपक्ष के नेता के पद की छवि को धूमिल किया है।

लगाने के लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश के किसानों और बहादुर सशस्त्र बलों से संबंधित कई मामलों में स्पष्ट रूप से झूठ बोला। एमएसपी और अग्निवीर पर झूठे दावों के लिए केंद्रीय मंत्रियों ने तथ्यों को सदन में रखा। उन्होंने तथ्यों की जांच भी नहीं की। अपनी घटिया राजनीति के लिए उन्होंने हमारे किसानों और सुरक्षा बलों को भी नहीं बख्शा। वहीं विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर राहुल गांधी के बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की राजनीति में आपका स्वागत है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अब विपक्ष के नेता हैं। वे सबसे भाईचारे का दावा करते हुए हिन्दुओं पर हमला करते हैं। वे भारतीय सेना की वीरता की निंदा करते हुए उनके कल्याण के प्रति चिंता व्यक्त करते हैं।

वे संविधान के प्रति सम्मान का उपदेश देते हुए कैबिनेट के फैसलों को फाड़ देते हैं।

## बिभव कुमार की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका सुनवाई योग्य: हाई कोर्ट

**नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोपित बिभव कुमार की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को सुनवाई योग्य माना है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब तलब करने के साथ इस मामले को रोस्टर बेंच के समक्ष लिस्ट करने का आदेश दिया। हाई कोर्ट ने इस मसले पर 31 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान बिभव के वकील एन हरिहरन ने कहा था कि इस मामले में जांच अधिकारी को यह देखना चाहिए था कि गिरफ्तारी की जरूरत है या नहीं, उसके बाद ही उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा था कि अर्नेश कुमार के फैसले के आधार पर गिरफ्तारी को चुनौती दी जा सकती है। बिभव के वकील ने कहा कि गिरफ्तारी से पहले गिरफ्तारी के आधार और वजह आरोपित को नहीं बताया गया। गिरफ्तारी के आधार को लिखित में दर्ज करना है। अपराध प्रक्रिया की धारा 41ए के प्रावधानों का उल्लंघन हुआ है। बिभव कुमार ने अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताते हुए मुआवजे की मांग की है। बिभव कुमार ने कहा है कि उनकी गिरफ्तारी करते समय अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए का पालन नहीं किया गया है।

## हिन्दुओं पर राहुल के बयान पर प्रियंका वाड्रा बचाव में आईं

**नई दिल्ली**

संसद में हिन्दुओं पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान पर कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा उनका बचाव करते नजर आईं।

संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रियंका वाड्रा ने कहा कि मेरा भाई (राहुल गांधी) हिन्दुओं का अपमान नहीं कर सकते। यह बात उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके नेताओं के बारे में साफ तौर पर कही है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद में सोमवार को कहा कि जो लोग अपने आप को हिंदू कहते हैं, वो 24 घंटे हिंसा और नफरत करते हैं। आप हिंदू हो ही नहीं। इस दौरान सदन में बहुत ज्यादा हंगामा मच गया।

भाजपा सहित उसके सहयोगी दलों के सभी सांसद खड़े होकर इसका विरोध करने लगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी खड़े हुए और कहा कि पूरे हिन्दू समाज को हिंसक कहना गंभीर मुद्दा है। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा और नरेन्द्र मोदी पूरा हिन्दू समाज नहीं हैं। आरएसएस पूरा हिन्दू समाज नहीं है। ये ठेका भाजपा का नहीं है।

## राजीव रंजन ने कांग्रेस को बताया संविधान विरोधी दल



**नई दिल्ली**

केंद्रीय पंचायती राज मंत्री ललन सिंह ने राहुल गांधी के भाषण के बाद उपजे विवाद को लेकर कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और गांधी परिवार को संविधान की रक्षा के बारे में बात नहीं करनी चाहिए। ललन सिंह ने कहा, आपातकाल के दौरान संविधान को 'नष्ट' करने वाली कांग्रेस पार्टी ने देश के कई नेताओं को जेल में डाला। उन्होंने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा, 'मैं कांग्रेस पार्टी को संविधान विरोधी घोषित करता हूं।

गांधी परिवार का नाम भारतीय इतिहास के काले अध्याय में दर्ज किया जाएगा।' इससे पहले राहुल गांधी ने हिंदू धर्म और भगवान शिव की अभयमुद्रा का जिक्र करते हुए कहा कि भगवान शिव, गुरू नानक, ईसा मसीह, भगवान बुद्ध और भगवान महावीर ने पूरी दुनिया को अभयमुद्रा का संकेत दिया।

बकौल राहुल गांधी अभयमुद्रा का अर्थ है डरो मत और डराओ मत। अपने भाषण के साथ राहुल ने लोकसभा में भगवान शिव की तस्वीर भी दिखाई। इस पर सत्ता पक्ष की तरफ से घोर आपत्ति दर्ज कराई गई। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भी राहुल को तस्वीरें न दिखाने को कहा। हस्तक्षेप और टोका-टोकी से भरे अपने भाषण के दौरान कांग्रेस सासंद ने यह भी कहा कि अभयमुद्रा से पूरी दुनिया को साफ संदेश दिया गया है कि डरना और डराना मना है। उन्होंने इस्लाम का जिक्र करते हुए कहा, कुरान में भी इस बात का साफ उल्लेख है कि डराना मना है, लेकिन सत्ताधारी दल के लोग डराने के साथ-साथ हिंसा भी फैलाते हैं।

राहुल के भाषण के बीच में हस्तक्षेप कर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ये विषय बहुत गंभीर है। पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहा गया है, जो गलत है।

## उत्तर-पश्चिम भारत में 122 साल बाद सबसे गर्म जून

**नई दिल्ली**

अलग-अलग कारणों से बदल रहे मौसम और अचानक होने वाली बारिश के बावजूद जून, 2024 में सामान्य से कम बारिश हुई है। मौसम विभाग की तरफ से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक जून में 11 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। क्टऊ ने बकाया कि देश में जून महीने में औसतन 165.3 एमएम बारिश होती है, लेकिन इस साल केवल 147.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। 2001 के बाद यह सातवीं सबसे कम बारिश वाला महीना रहा।

## एक धर्म विशेष के लोगों की आपराधिक गतिविधियां चिंता का विषय: हिमंत

**गुवाहाटी**

**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने सोमवार को कहा कि बीते दो महीनों के दौरान एक धर्म विशेष के लोगों के एक वर्ग की आपराधिक गतिविधियां चिंता का विषय है। उन्होंने किसी धर्म का नाम लिए बगैर कहा कि अपराध करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। मुख्यमंत्री ने गुवाहाटी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "मैं यह नहीं कह रहा हूं कि अपराध केवल एक धर्म विशेष के लोग ही करते हैं। लेकिन हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के



बाद की घटनाएं चिंता का विषय हैं।"

उन्होंने धुबरी, बारपेटा औ? मंगलदोई की घटनाओं का हवाला दिया, जहां एक समुदाय के लोगों द्वारा कथित तौर पर मूल निवासियों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा, इन घटनाओं में राजनीति के साथ-साथ आपराध भी एक पहलू है। पुलिस को अपराधों से सख्ती से निपटने के लिए कहा गया है।

## पिछले नौ साल में 12 करोड़ शौचालयों का हुआ निर्माण: पुरी

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय पेट्रोलियम** एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि पिछले 9 साल में 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण हुआ, जिससे हमें खुले में शौच की समस्या से मुक्ति मिली है। पुरी ने यहां शास्त्री भवन में आयोजित एक समारोह में स्वच्छता पखवाड़ा-2024 का शुभारंभ करते हुए यह बात कही।

इस अवसर पर उन्होंने पेट्रोलियम मंत्रालय के सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

## हिंदुत्व को हिंसा से जोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण: संघ

**नई दिल्ली**

**राहुल की** टिप्पणी पर आरएसएस ने कहा है कि हिंदुत्व को हिंसा से जोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान लगभग 100 मिनट का भाषण दिया। उन्होंने इस दौरान भाजपा, हिंदुत्व के नाम पर हिंसा जैसे मुद्दों पर जमकर टिप्पणी की। राहुल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का भी नाम लिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पलटवार करते हुए राहुल ने कहा कि वह भाजपा की नीतियों के बारे में बोल रहे हैं। सत्तारूढ़ पार्टी,



आरएसएस और खुद पीएम मोदी ही पूरे हिंदू समाज का प्रतिनिधित्व नहीं करते। बयान पर विवाद बढ़ने के बाद आरएसएस ने अपत्ति जताई और कहा कि हिंदुत्व को हिंसा से जोड़ने संबंधी कांग्रेस नेता का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से निर्वाचित कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी सुनील अंबेकर ने कहा, 'महत्वपूर्ण पदों पर आसीन लोगों द्वारा हिंदुत्व को हिंसा से जोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है।' उन्होंने कहा कि चाहे वह स्वामी विवेकानंद का हिंदुत्व हो या महात्मा गांधी का, यह सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। बता दें कि अंबेकर आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार विभाग के प्रमुख हैं।

## बंगाल की सड़कों पर रक्तपात: राज्यपाल



**कोलकाता**

**पश्चिम बंगाल** के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने उत्तर दिनाजपुर के चोपड़ा में 'अवैध संबंध' के आरोपी युगल की पिटाई के मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से रिपोर्ट मांगी है। अधिकारियों ने बताया कि राज्यपाल इस घटना से स्तब्ध हैं और उन्होंने इसे बर्बर बताया है। अधिकारी ने कहा ह्यराज्यपाल ने घटना की निंदा की है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से तत्काल एक रिपोर्ट मांगी है ह्न आपको बता दें कि इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर लोगों के बीच आक्रोश फैल गया था। इसके बाद पुलिस ने रविवार को एक मामला दर्ज किया। जिस व्यक्ति द्वारा युगल को पीटा गया है, उसका नाम ताजमुल बताया गया है। दावा किया गया है कि ताजमुल स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

**बंगाल की सड़कों पर रक्तपात-**

**राज्यपाल**

राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा,'कूच बिहार में घृणित और चौंकाने वाली भयानक हिंसा का नजारा देखने को मिला है। बंगाल की सड़कों पर खून-खराबा हो रहा है। बंगाल के गांवों में मौत का नाच देखने को मिल रहा है। भारत के संविधान और देश के कानून के अनुसार इस मामले में कार्रवाई होगी। सभी जिम्मेदार लोगों को इसका जवाब देना। इस जंगलराज को रोकना होगा।'

**राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने घटना पर लिया स्वतः संज्ञान**

उधर, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इस घटना पर स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने कहा है कि पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक और राज्य सरकार के मुख्य सचिव से एक हफ्ते के भीतर जवाब मांगा गया है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए एक टीम भेजने का फैसला लिया गया है।

## शिवभक्तों में उत्साह, 51 हजार से ज्यादा श्रद्धालु दरबार में पहुंचे

**जम्मू**

**श्री अमरनाथ** यात्रा के लिए देशभर से पहुंच रहे शिवभक्तों में भारी उत्साह है। रोजाना हजारों श्रद्धालु बाबा बफार्नी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। तीसरे दिन 23437 श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में हाजिरी दी। जिससे केवल तीन दिनों में तीर्थयात्रियों की कुल संख्या 51,000 के पार पहुंच गई। पारंपरिक पहलगाम और बालटाल रूट से यात्रा जारी है। इस बीच आधार शिविर भगवती नगर जम्मू से 6461 भक्तों का जत्था कश्मीर के लिए रवाना हुआ। जम्मू से गए जत्थे में बालटाल के लिए 1628



पुरुष, 525 महिलाएं, 7 बच्चे, 145 साधु और 16 साधवी हैं। इसी तरह पहलगाम के लिए 3203 पुरुष, 698 महिलाएं, 7 बच्चे, 187 साधु और 45 साधवी हैं। ये यात्री 265 छोटे बड़े वाहनों में जत्थे के साथ गए हैं। पिछले तीन दिन से आधार शिविर जम्मू से लगातार 6 हजार से अधिक यात्रियों का जत्था जा रहा है। यात्रियों का मौसम भी साथ दे रहा है। हालांकि जम्मू में पिछले दो दिन से तड़के बारिश के बाद दिन में मौसम खुलने से गर्मी के साथ उमस परेशान कर रही है।

लेकिन यात्रियों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। जम्मू में तत्काल पंजीकरण के लिए रेलवे स्टेशन के पास सरस्वती धाम पर टोकन पाने को देर रात से ही श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की आस्था का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि लंबी कतारों में खड़े रहने के बाद भी श्रद्धालुओं के चेहरे पर थकान नहीं दिख ही है। बम बम भोले और जय शिव शंकर के जयघोषों के साथ मंदिरों के शहर जम्मू में पूरा माहौल शिवमय बना हुआ है।

## सीयूईटी-यूजी का नतीजा फिलहाल टला, 282 विश्वविद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया अटकी

**नई दिल्ली**

स्नातक दाखिले की सीयूईटी-यूजी, 2024 का नतीजा फिलहाल टल गया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने पहली बार यह परीक्षा हाईब्रिड मोड में कराई थी और नीट-यूजी विवाद के मद्देनजर नतीजे में किसी तरह की चूक नहीं होने देना चाहता। इसलिए परीक्षा परिणाम और मेरिट की कई स्तर पर जांच के बाद ही स्कोर लिस्ट जारी की जाएगी। सीयूईटी-यूजी का नतीजा 30 जून को जारी होना था। हालांकि, यह संभावित तिथि थी। वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, एनटीए के विषय विशेषज्ञ सभी विषयों की हर स्तर पर गहन जांच कर रहे हैं। ताकि चूक की कोई गुंजाइश न रहे। संभावना जताई जा रही है कि नतीजा जारी होने में अभी एक हफ्ते का समय लग सकता है।

## पुणे में पैर पसार रहा जीका वायरस

**पुणे**

**पुणे शहर में** जीका वायरस के छह मामले सामने आए हैं। इनमें दो गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं। संक्रमण के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। पुणे नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी शुरू कर दी है। वहीं, एहतियात के तौर पर यह मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए फॉगिंग और धूम्रीकरण जैसे उपाय कर रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार, जीका वायरस संक्रमण का पहला मामला एरंडवाने क्षेत्र में 46 वर्षीय डॉक्टर की रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर सामने आया था।

### आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य वर्ग के बैंक नोट को चलन से वापस लेने का ऐलान किया था

## 2000 रुपये के 97.87 फीसदी नोट बैंकिंग सिस्टम में आए वापस : आरबीआई

**रिजर्व बैंक के निर्गम कार्यालय 9 अक्टूबर, 2023 से लोगों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं**

**मुंबई/नई दिल्ली**

**रिजर्व** बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि दो हजार मूल्य वर्ग के 97.87 फीसदी नोट बैंकों में वापस आ गए



हैं। अब सिर्फ 7,581 करोड़ रुपये मूल्य के नोट लोगों के पास मौजूद हैं। ये नोट अब भी वैध हैं। आरबीआई ने कहा कि चलन में मौजूद दो हजार रुपये मूल्य के बैंक नोट का कुल मूल्य 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। ये अब 28 जून, 2024 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 7,581 करोड़ रुपये रह गया है। इस तरह 28 जून, 2024 तक दो हजार मूल्य के 97.87 फीसदी बैंक नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। रिजर्व बैंक के निर्गम कार्यालय 9 अक्टूबर, 2023 से लोगों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा लोग अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए देश के किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में दो हजार रुपये के बैंक नोट भेज रहे हैं। आरबीआई के मुताबिक ये नोट अब भी वैध हैं। दो हजार रुपये के बैंक नोट को जमा या बदलने के लिए आरबीआई के 19 कार्यालयों अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में स्थित हैं। उल्लेखनीय है कि आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य वर्ग के बैंक नोट को चलन से वापस लेने का ऐलान किया था। आरबीआई ने नवंबर 2016 में 1000 रुपये और 500 रुपये के बैंक नोट को हटाने के बाद दो हजार रुपये के बैंक नोट चलन में लाए थे।

# खत्म हुए औपनिवेशिक युग के कानून, अब नये कानून का होगा पालन : ओमप्रकाश

**नये कानून को लेकर शंकरगढ़ एसओ ओमप्रकाश ने मातहतों को दी जानकारी,अब आईपीसी की धाराओं की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) होगी लागू**

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** आज (एक जुलाई, 2024) का दिन भारतीय न्याय व्यवस्था के लिए ऐतिहासिक है। औपनिवेशिक युग के तीन पुराने कानून समाप्त हो गए हैं और अब नये कानून का राज है,यह बातें एसओ शंकरगढ़ ओम प्रकाश ने कही। आईपीसी 1860 (IPC) के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता (इठर), दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर प्रभावी भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जानकारी देते हुए एसओ ने कहा, नये कानूनों के लागू होने से अपराधियों को निर्धारित समय में सजा मिलेगी। न्याय व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी।

एसओ ने बताया कि नये कानून में डिजिटल साक्ष्य में जोर दिया गया है। इसका मतलब है कि अब साक्ष्य डिजिटली रिकॉर्ड होंगे। सर्च और जब्ती के दौरान वीडियोग्राफी अनिवार्य कर दी गई है, जो केस का हिस्सा होगी और इससे निर्दोष को नहीं फंसाया जा सकेगा। पुलिस द्वारा ऐसी रिकॉर्डिंग के बिना कोई भी चार्जशीट वैध नहीं होगी।

एसओ ने बताया कि नये आपराधिक कानूनों में तकनीकों को शामिल किया गया है। दस्तावेजों की परिभाषा का विस्तार कर इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉर्ड्स, ई-मेल, सर्वर लॉग्स, कंप्यूटर, स्मार्ट फोन, लैपटाप, एसएमएस, वेबसाइट, लोकेशनल साक्ष्य, डिवाइस पर उपलब्ध मेल और मैसेजेस को कानूनी वैधता दी गई है। एफआईआर से लेकर केस डायरी, चार्जशीट और जजमेंट तक की प्रक्रिया को डिजिटलाइज करने का प्रावधान किया गया है। बताया कि अभी तक सिर्फ आरोपी की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग से हो सकती थी, लेकिन अब पूरा ट्रायल, क्रॉस क्वेश्चनिंग समेत वीडियो कांफ्रेंसिंग से हो सकेगा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस मौके पर प्रधान ज्ञानेंद्र मिश्र, पूर्व प्रधान संजीव मिश्र, उमा

## नैनी कोतवाली में नए कानून के सम्बन्ध में जागरूक किया गया



**नैनी।** नैनी कोतवाली में नए कानून की जानकारी लोगों को देने के लिए सोमवार को थाने में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में तीन नए कानून, भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के संबंध में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया। संबंध में थाना नैनी परिसर में एडीसीपी यमुनापार अभिजीत कुमार की अध्यक्षता में एक गोष्ठी आयोजित की गयी, जिसके मुख्य अतिथि जनपद प्रयागराज के जॉइन्ट डायरेक्टर प्रॉसिक्यूटर ओमप्रकाश राय एवं पी ओ डॉङ्क आनंद कुमार.एव संदीप कुमार की गरिमामय उपस्थिति मे एवम प्रभारी निरीक्षक थाना नैनी यशपाल सिंह के संचालन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर थाना के समस्त उपनिरीक्षक एवम पुलिस कर्मी व क्षेत्र के सम्भ्रांत व्यक्ति, पत्रकार बन्धु और अधिवक्ता गण आदि प्रबुद्ध वर्ग के उपस्थित महानुभावों का ज्ञान-अर्जन कर मार्गदर्शन किया गया। एवम क्षेत्रीय अधिवक्ता गण द्वारा भी नई धाराओं के विषय में जनमानस को अवगत कराया गया तथा व्यापक प्रचार प्रसार किया गया।

वर्मा, दिवाकर सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद केसरवानी, नितेश केसरवानी, पंकज गुप्ता, बंटी केसरवानी, प्रांजल गुप्ता,आबिद अली,पप्पू मिश्रा के साथ दर्जनों लोग मौजूद रहे। **इन नई धाराओं का किया जाएगा प्रयोग :** इस दौरान उन्होंने आईपीसी के स्थान पर आई बीएनएस की नई धाराओं का भी जिक्र किया। प्रमुखतः इस्तेमाल होने वाली धाराओं में धारा 302 (हत्या) की जगह होगी 103 का प्रयोग किया जाएगा। इसी तरह 307 (हत्या का प्रयास) के स्थान पर 109, 323 (मारपीट) के स्थान पर 115 और 354 (छेड़छाड़) के स्थान पर धारा 74 प्रभावी होगी। 354ए (शारीरिक संपर्क और आगे बढ़ना) के स्थान पर इठर की धारा 76, 354बी (शारीरिक संस्पर्श और अश्लीलता) के लिए धारा 75, 354सी (ताक-झांक करना) के लिए 77, 354डी (पीछा करना) के लिए 78, 363 (नाबालिग का अपहरण) के लिए 139, 376 (रेप) के लिए 64, 392 (लूट) के लिए 309, 420 (धोखाधड़ी) के लिए इठर की धारा 318 इस्तेमाल होगी।

## समर बहादुर सिंह इंटर कॉलेज में सरस्वती प्रतिमा पूजन के साथ सत्र का शुभारंभ



**जंघई।** समर बहादुर सिंह इंटर कॉलेज गरियांव में नये सत्र का शुभारंभ विद्यालय के संचालक रमेश प्रताप सिंह ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित, वंदना एवं पुष्प अर्पित करके किया। विद्यालय खुलने पर छात्र छात्राएं हर्षोल्लास के साथ विद्यालय पहुंचे, उपस्थित गुरुजनों ने सभी विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ पढ़ाई करने का गुरु मंत्र दिया। इस अवसर पर रमेश प्रताप सिंह ने कहा कि हमारे विद्यालय में योग्य शिक्षकों द्वारा बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाती है अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठ बनाया जाता है। इस अवसर पर अतुल यादव, जन्मेजय प्रताप सिंह, मनोज मिश्रा, श्रवण कुमार, उपेंद्र सिंह, जयेश कुमार, शिवचंद, पवन सिंह, रघुराज सिंह, अंजली मौर्य, हरिप्रसाद, गरिमा निगम आदि अध्यापक गण मौजूद रहे।

## बजरंग दल प्रखंड प्रतापपुर ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**प्रतापपुर।** विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल प्रखंड प्रतापपुर के द्वारा निशुल्क मेडिकल कैंप मोहिउद्दीनपुर में बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने लगाया गया, जिसमें लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, मौसम जनित बीमारी से बचाव इलाज व निशुल्क दवा वितरीत किया गया। इस अवसर पर, प्रखंड अध्यक्ष अशोक दुबे, जिला बलोपासना प्रमुख देवेन्द्र सिंह, संरक्षक अशोकानंद महराज, धर्म प्रसार प्रमुख आचार्य दिनेश मिश्र, बृजेश यादव बजरंगी, उपाध्यक्ष सोमेश केशरवानी, उपाध्यक्ष प्रभात सोनी, सत्संग प्रमुख आचार्य धीरज महराज, मनस्वी भारतीय किसान संघ, अजय यादव आदि लोग उपस्थित रहे। प्रतापपुर के डॉ. खुर्शीद अहमद चिकित्साधिकारी, डॉ. गौसिया प्रवीन, डॉ. लोकेंद्र सिंह फार्मासिस्ट, शफीक शाह, चंद्रशेखर, राजन, राम सिंह वार्ड बॉय की टीम चिकित्सा शिविर में उपस्थित रही।

## अखिलेश के जन्म दिन पर युवजन जिलाध्यक्ष नितेश तिवारी ने दीप जलाकर किया लंबी उम्र की कामना



**मेजा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के पूर्व संध्या पर समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष नितेश तिवारी ने अपने लखनपुर स्थित आवास पर दीप जलाकर उनके दीघार्यु एवं स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए उनकी लम्बी उम्र के लिए प्रभु से प्रार्थना किया। सपा नितेश तिवारी ने कहा कि अखिलेश यादव गरीब किसान शोषित पीड़ित वंचित समाज के सच्चे हितैषी हैं इस मौके पर आकाश मिश्रा, रिशांशु यादव, अमन कुमार,विपिन पांडेय,राहुल यादव,शिवकुमार प्रजापति,पप्पू पासी,अंकित पाल,मोहम्मद जावेद, ओम नारायण विश्वकर्मा,रामदीन भारतीय आदि मौजूद रहे।

## निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन सम्पन्न



**मांडा।** विकास खण्ड उरुवा के प्रथम वार्ड 71 के ग्राम सभा तंदरिया में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपा प्रयागराज के जिला सचिव व जोन प्रभारी इंद्रेश सिंह यादव जी के द्वारा आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया जिससे ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों के आंखों का जांच कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। वहीं सोमवार को धीरज यादव, दीपक यादव, विनोद यादव, देवेन्द्र यादव, रोहित यादव जी रहे व सूरज राजा (सेक्टर प्रभारी), कल्लू यादव, महेन्द्र यादव(सेक्टर प्रभारी), डॉक्टर यादव, सुनील यादव, अवधेश यादव व मोहम्मद आबिद आदि के सहयोग से नेत्र शिविर सम्पन्न हुआ । जिसमे क्षेत्रीय नेत्र विहीन लोगों को निःशुल्क सेवा उपलब्ध कराया गया।

## अखिलेश यादव के जन्मदिन पर वितरण किया गया पेड़



**कोरांव।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सोमवार को विधानसभा सपा कार्यालय में पौधा वितरण किया गया सपा विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त पटेल के नेतृत्व में पीडीए के पेड़ के रूप में बरगद और पीपल नीम का पौधा रोपण एवं वितरण किया गया जो हर दिन पर्यावरण के संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक न्याय के प्रतीक के रूप में सामाजिक समानता समता की प्राणवायु देंगे विधानसभा महासचिव रविंद्र जैसल देश के लिए बड़ी उम्मीद है उनके नेतृत्व में सपा विचारधारा के साथ ही पार्टी निरंतर मजबूत हो रही हइसी प्रकार समाजवादी पार्टी कार्यालय के साथ-साथ ग्राम सभा गिरगोठा सेमरी बागरा कोसफरा सुभाष पड़रिया एवं कस्बा कोरांव में सपा कार्यकर्ताओं द्वारा पौधा वितरण और पौधा रोपण किया गया इस मौके पर मुख्य रूप से राजेश पांडे विधानसभा प्रभारी महताब खान नगर अध्यक्ष यादवेंद्र अहीर विष्णु यादव कोमल यादव पुष्कर यादव अश्वनी पटेल दीपक पटेल दीपू कुशवाहा अशोक विद्यार्थी मंगल कोल सुधि कुमार जैसल समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता के साथ बदसलूकी, मिली जान से मारने की धमकी

**कोरांव।** तहसील को मे विधी व्यवसाय रत एक अधिवक्ता रविवार को सरकारी अस्पताल के समीप रात्रि करीब सात बजे के करीब नाई की दुकान पर बाल कटा रहा था उसी वक्त पहुँचे गिरोह बंद लोगो ने उसे घेरकर गाली देना शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए वहाँ से चले गए जिसकी शिकायत अधिवक्ता ने थाना कोरांव पर लिखित रूप से सोमवार को साथी अधिवक्ताओं के साथ कि। बता दे कि लगभग तीन माह पूर्व तराव निवासी कमलेश तिवारी ने अधिवक्ता सुनील कुमार पाण्डेय की सीट पर जाकर चाँदी निवासी एक व्यक्ति को अपनी जमीन प्रतिफल प्राप्त करते हुए बेची थी जिसमे भुक्तभोगी और उसके सीट के अधिवक्ता मात्र वकील थे इसी को लेकर नाराज कमलेश तिवारी के भाई शुरेश तिवारी, अवधेश तिवारी पुत्रगण राम विशाल तिवारी, व ज्ञान पंडित उर्फ ज्ञान तिवारी पुत्र लाल बिहारी तिवारी व छोटू उर्फ शरद तिवारी पुत्र कमलेश तिवारी समस्त निवासी ग्राम तराव थाना कोरांव द्वारा अधिवक्ता जब 30 जून रविवार को सीएचसी कोरांव के बगल रात्रि करीब 7 बजे बैठकर बाल कटा रहा था तो गिरोह बंद होकर पहुँचे और उसको गाली देते हुए कहने लगे कि तुम्हारी वकालत तबाह कर देंगे और एक दिन तुम्हे गोली मारकर जान से मार देगे जिससे अधिवक्ता और उसका पूरा परिवार भयाक्रांत है अधिवक्ता ने सोमवार को साथी अधिवक्ताओ के साथ पहुँचकर कोरांव थाने पर उपरोक्त अतिचारियो के विरुद्ध तहरीर देते हुए अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है समाचार लिखे जाने तक एसआई अनुज राय द्वारा उपरोक्त अतिचारियो को थाने पर बुलाया गया था परन्तु कोई उपस्थित नही हुआ अधिवक्ता से कहा गया मामले मे विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## दुनिया में नेक काम करोगे तो इसका अज्र कयामत के दिन मिलेगा : मौलाना मोहम्मद शमी



**सब कुछ पडा रह जाएगा दूसरों का हिस्सा मारने वालो अल्लाह से डरो, मऊआइमा के मोहल्ला कोट में आयोजित जलसे में मौलानाओं ने कहा**



### अब्दुल रहमान ने प्रतियोगिता में जीती साइकिल और इनाम

**मऊआइमा।** मऊआइमा के मोहल्ला कोट के आयोजित जलसे में मस्जिद में गर्मी की छुट्टी में चलने वाले दारूल कुरान में आयोजित प्रोग्राम में चालिस बच्चों ने हिस्सा लिए। बताया गया है कि जिसमें ग्यारह बच्चों ने पास किए।जिसमें पांच साल के अब्दुल रहमान ने कुरान के चार पारों को मौखिक याद किया बल्कि चार माह से लगाता फज्र की नमाज जमात के साथ पढने पर साइकिल इनाम दिया गया।शेष अन्य बच्चों को भी तमाम प्रकार का इनाम दिया गया।

**मऊआइमा।** बेइमानी,झूठ मक्कारी, दगाबाजी सब कुछ यहीं रह जाएगा। लिहाजा कयामत को याद करो। मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला कोट में आयोजित जलसे में मौलानाओं ने फरमाया कि नेक काम करोगे इसका अज्र कयामत के दिन मिलेगा। एकत्रित भीड से कहा गया कि सब कुछ दुनिया में रह जाएगा।तुम झूठ बोल कर किसके लिए ऐश आराम एकत्रित कर रहे हो। नमाज पाबंदी से पढो दूसरों को सता कर दुनिया के कानून से बच जाओगे। परन्तु ऊपर वाले से कैसे बचोगे।जलसे को मौलाना नियाज अहमद, मौलाना वहाब,हाफिज मोहम्मद समी, मौलाना उमैर कमाल आदि ने सम्बोधित किया।जलसे की अध्यक्षता हाफिज समी ने किया संचालन मौलाना जैद शरीफ ने की।

## श्रीमद् भागवत भगवान श्री कृष्ण का वांग्मय स्वरूप है : पं राजेंद्र प्रसाद शुक्ल



**नैनी।** नैनी अवंतिका कॉलोनी स्थित चंद्रलोक गेस्ट हाउस में सोमवार को श्रीमद् भागवत पुराण का वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा संस्कृत में पारायण हुआ एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने 04 वेद, 18 पुराण, 06 शास्त्र, श्रीमद् भगवत गीता, श्री रामचरितमानस, वाल्मीकि रामायण आदि ग्रन्थों का दर्शन पूजन किया सायंकालीन सत्र में कथा व्यास भारत सरकार द्वारा सम्मानित हिंदी के प्रकांड विद्वान एवं श्रीमद् भागवत कथा मर्मज्ञ पं राजेंद्र प्रसाद शुक्ल ने श्रीमद् भागवत कथा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत भगवान श्री कृष्ण का वांग्मय स्वरूप है। इस कथा के श्रवण मात्र से जीव का कल्याण होता है। उसके विकार नष्ट होते हैं ईश्वर के प्रति श्रद्धा उत्पन्न होती है एवं प्रेत-योनि से मुक्ति मिलती है। कथा श्रवण का अवसर उसी जीव को मिलता है जिस पर ईश्वर की असीम कृपा होती है महाराज परीक्षित के जन्म प्रसंग को सुनाते हुए शुक्ल जी ने कहा कि महाराज परीक्षित की परीक्षा मां के गर्भ में ही हो गई थी इसीलिए उनका नाम परीक्षित पड़ा। भगवान श्री कृष्ण ने अश्वत्थामा द्वारा चलाए गए ब्रह्मास्त्र से गर्भस्थ शिशु परीक्षित की सुदर्शन चक्र द्वारा रक्षा की थी। कथा के मुख्य यजमान योगेंद्र सिंह, आराधना सिंह, अरविंद सिंह, उमा सिंह एवं पवन शुक्ला ने श्रीमद् भागवत जी की आरती की। कथा में प्रमुख रूप से अवधेश पांडेय, आर के शुक्ला, राकेश त्रिपाठी, विनोद शंकर तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा, वी बी सिंह एवं भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कांग्रेस जनों ने वीर अब्दुल हमीद जी की जयंती पर याद किया गया



**नैनी।** नैनी कांग्रेस जन के द्वारा नैनी के चक भटाही में देश आजादी की जंग में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद हुए उत्तर प्रदेश के गांव गाजीपुर के धामूपुर में जन्मे लेने वाले वीर अब?दुल हमीद की जयंती पर याद किया गया। इस दौरान उपस्थित कांग्रेस जनों ने सामूहिक रूप से कहा कि देश में 1965 के दशक में भारत और पाकिस?तान के बीच एक जंग हुई थी जिस हुई जंग में अमर शहीद हुए वीर साहसी अब्दुल हमीद जी ने अपने अदम?य साहस को दिखाते हुए दुश?मन के आठ पैटन टैंक को बर्बाद कर डाले थे। और भारत पाक युद्ध के दौरान खेमकरण सैक्टर के आसल उत्ताड़ में लड़े गए युद्ध में अद्भुत वीरता का प्रदर्शन करते हुए वीरगति को प्राप्त किया और मरणो परान्त उन्हें भारत का सर्वोच्च सेना पुरस्कार परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था।हम सभी लोग आज देश के अमर शहीद हुए देश के सपूत के द्वारा आजादी के जंग में दिए गए साहस के लिए आज उनकी जंयती पर उन्हें हृदय से कोटि कोटि नमन करते हैं। वही दूसरे क्रम में सभी लोगों ने कहा कि आज भारत में क्रिकेट टीम ने अपने साहस और मेहनत से खेले गए मैच में भारत में विश्वकप जीतकर एक मिशाल कायम किया है और देश में यह गौरव करीब तेरह वर्ष के बाद मिला है जिस पर एक जश्न को मनाकर देश के क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का सम्मान करना चाहिए ताकि आने वाले समय में क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के हौसले बुलंद रहे और खेल को जीजान के साथ खेलकर देश के गौरव को बढ़ाते रहें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता हजारी लाल कुशवाहा, शहर कांग्रेस कमेटी के शहर उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय, नयन कुशवाहा, शहर महासचिव राकेश श्रीवास्तव, व्यापार मंडल के मंत्री धीरू यादव, अंजुम नाज, शहर सचिव विरेंद्र शर्मा, प्रदीप वर्मा, विजय कुमार, वार्ड अध्यक्ष राज कुमार कुशवाहा, मुन्ना जाफरी, जमाल अख्तर, राजू, पास्टर विनोद जैकब, इंदुबाला चौधरी, शिव शंकर, उमा देवी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार ने सिर्फ उजाड़ा पेड़,घर और रोजगार : विनय कुशवाहा

**सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर किया गया वृक्षारोपण**



**करछना।** भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार ने सिर्फ उजाड़ने का कार्य किया सड़क चौडीक रण के नाम पर पेड़ ,घर ,रोजगार उन्होंने बनाया कुछ नहीं। उक्त बातें समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के सुअवसर पर पार्वती चौराहा पार्क जार्जटाउन में पाकड़ का पेड़ लगाते हुए सपा प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा ने कहीं उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की सोच विकासपरत पर पर्यावरण संतुलन के साथ सबको साथ लेकर सबकी भलाई का हैं। इसलिए अपने जन्मदिन पर सभी कार्यकताओं को वृक्षारोपण करने के लिए कहा।क्योंकि विगत दस साल में भाजपा की सरकार मे इतने पड़े कट गये जितने पचास साल में ना कटे होंगे जिससे साल दर साल गर्मी बढ़ती जा रही हैं और पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पूर्व युवजन सभा जिलाध्यक्ष हार्षित पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर वृक्षारोपण कार्यक्रम इससें अच्छा तोहफा और कुछ नहीं होगा जो हमें और हमारे भविष्य को संचित करेगा साथ में धर्मेन्द्र यादव पूर्व प्रदेश सचिव यु.स, शिवम जायसवाल,अमित यादव, नितिन पाण्डेय, पवन पटेल आदि रहे।

## डीहा में सपाइयों ने केक काट कर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का मनाया जन्मदिन



**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम सभा डीहा में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर प्रकाश अस्पताल के निदेशक व जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय बाबू यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेताओं कार्यकताओं एवं समर्थकों के साथ गणमान्य लोगों ने मिलकर एक कार्यक्रम आयोजित कर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का धूमधाम से जन्म दिवस कार्यक्रम आयोजित किया विधानसभा करछना में प्रकाश बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में धूमधाम से केक काट कर जन्म दिवस मनाया और लोगों को लड्डू एवं केक खिला कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया, इस अवसर पर विधानसभा जमुनापार अध्यक्ष ननकेस बाबू यादव जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय बाबू यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य तुलसीराम यादव रामाशंकर यादव साधन सहकारी समिति अध्यक्ष उपाध्यक्ष मनी बहादुर यादव ओम प्रकाश आदिवासी पंकज यादव जगदीश यादव संजय यादव कमल श्रीवास्तव राज नारायण हरिजन शंकर लाल सोनकर झंलर सोनकर छोटेलाल काका श्रीवास्तव श्री पति पाल ब्रह्मचारी यादव श्याम बहादुर यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे

# न्यूज झरोखा

## डॉक्टर डे पर मरीजों का कराया गया निःशुल्क नेत्र, दंत प्रशिक्षण



**नैनी।** सोमवार को डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में एक निशुल्क नेत्र एवं दंत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ह्यूमैनिटी इंडिया ट्रस्ट एवं बंधन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आधार शिला वृद्धाश्रम, नैनी, प्रयागराज में कराया गया। इस शिविर में क्राउन मल्टी स्पेशलिटी डेंटल हॉस्पिटल एवं गुरु अंश ऑप्टिशियंस का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। यह शिविर अनूप बिंद (भारतीय रेलवे/समाजसेवी) की अगुआई में कराया गया। इस शिविर में वहां पर उपस्थित सभी वृद्धो का नेत्र परीक्षण के साथ-साथ जिन्हे जरूरत थी निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया गया एवं सभी का दंत परीक्षण कर दवाई देकर उनकी समस्यायों का निवारण किया गया। ह्यूमैनिटी इंडिया ट्रस्ट की तरफ से जब भी जरूरत होती है वृद्धाश्रम में मदद किया जाता है। डा. स्वाति चौधरी (उपाध्यक्ष बंधन फाउंडेशन), उत्कर्ष तिवारी (अध्यक्ष बंधन फाउंडेशन), डा. आनंद चौधरी (क्राउन मल्टीस्पेशलिटी डेंटल हॉस्पिटल), डा. पिंकू कुशवाहा (गुरु अंश ऑप्टिशियंस), पंकज गुप्ता, डा. विवेक मौर्या, आस्था, अंशिका, दिव्याभा, विमल (आधारशीला वृद्धाश्रम) इत्यादि लोगो का प्रमुख योगदान रहा।

## मऊआइमा में नए भारतीय कानून और त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की गई बैठक



**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना परिसर में सोमवार को नये भारतीय कानून और आगामी पर्व मोहर्रम,श्रवण मास को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई।जिसमें एक जुलाई से लागू हुए नये कानूनों के बाबत बताया गया और आए हुए लोगों को पर्ची देकर जिन विषयों पर कानूनों में बदलाव हुआ है बताया गया।इस अवसर कहा गया कि ताजिदारों द्वारा होने वाले परेशानियों को दूर करने के लिए बाद में फिर बैठक करके सुलझाया जाएगा।पीस कमेटी में एसीपी फूलपुर उदय प्रताप सिंह, मऊआइमा थाना प्रभारी निरीक्षक राघवेन्द्र सिंह सहित थाने के समस्त स्टाप मौजूद थे।पीस कमेटी में चेयरमैन हाजी मो शोएब अंसारी,जमील,महबूब, चित्रसेन, राहुल एडवोकेट,बचऊ, पप्पू, सन्ने, मुदित खत्री,कौशर गयास, सरताज आलम, कमरुल हसनआदि उपस्थित रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता अभियान एक से 10जुलाई तक : डॉ केबी सिंह



**करछना** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना के अंतर्गत सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण हेतु जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर केबी सिंह कुशवाहा एवं स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी बीपीएम के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों एवं आशा बहनों के साथ संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 10 जुलाई तक अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया जाएगा स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक ने बताया कि 11 जुलाई से 31 जुलाई तक स्वास्थ्य केंद्र के प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य कर्मियों आशा बहनों के साथ घर-घर जाकर दस्तक देंगे जिसमें मलेरिया फाइलेरिया डेंगू चिकनगुनिया दिमागी बुखार एवं अन्य बीमारियों आदि के बचाव के लिए उन्हें विभिन्न प्रकार के पहलुओं पर जागरूक किया जाएगा तथा घर के आसपास गंदगी ना हो कूलर में पहले से जमे पुराने पानी को साफ सुथरा रखें आदि वस्तुओं को साफ सफाई रखने हेतु जागरूकता अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया गया

## नए धारा के तहत दर्ज.होगे मुकदमे



**मांडा।** सीआरपीसी की जगह सोमवार से तीन नये कानून लागू हुए। अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानून में परिवर्तन हुआ। अब नये धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज किये जायेंगे। नये कानून को लेकर सोमवार को मांडा थाने में प्रधानों, पूर्व प्रधानों की गोष्ठी का अयोजन किया गया जिसमे संबोधित करते हुए उक्त विचार एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता ने व्यक्त किया। गोष्ठी का संचालन करते हुए इंस्पेक्टर मांडा शैलेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू हुए। भारतीय दंड संहिता सीआरपीसी 154 के बजाय भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 173 के तहत अब मुकदमे दर्ज होंगे। संगोष्ठी में तमाम लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये। इस गोष्ठी में मांडा थाने के अलावा भारतगंज व दिघिया चौकी के सभी पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## प्राथमिक विद्यालय ईसीपुर में स्वागत उत्सव कार्यक्रम संपन्न



**प्रयागराज।** सोमवार को प्राथमिक विद्यालय ईसीपुर विकास खंड बहादुरपुर में नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का स्वागत उत्सव कार्यक्रम मनाया गया जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निदेशानुसार ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय का वातावरण आकर्षक व अनुकूल बनाने के लिए विद्यालय परिवार द्वारा छात्राओं का स्वागत किया गया जिसके लिए विद्यालय को फूल पत्तियों रंगोली गुब्बारा से सजाया गया और विद्यालय आने वाले बच्चों का रोली टीका लगाकर स्वागत किया गया एवं मिष्ठान वितरण किया गया इस मौके पर जिले से जिला कार्यक्रम अधिकारी आरपी अरूण कुमार शुक्ल प्रधानाध्यापिका श्रीमती विजयलक्ष्मी दुबे एवं विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।

## तीन नए कानून को लेकर एसीपी मेजा ने थानों में बैठक कर आम जनता को किया जागरूक



**मेजा।** सोमवार को संपूर्ण भारत में लागू हुए तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 (इठर), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 (इठरर), भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 (इरअ) के संबंध में मेजा मांडा थाना परिसर में सहायक पुलिस आयुक्त मेजा रवि कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में एक गोष्ठी आयोजित की गई जिसमे थानों में नियुक्त समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण व क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति, पत्रकार और अधिवक्ता गण, ग्राम प्रधान आदि लोग उपस्थित हुए। गोष्ठी में सहायक पुलिस आयुक्त मेजा रवि कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय मांडा शैलेन्द्र सिंह,अतिरिक्त निरीक्षक माधव प्रसाद त्रिपाठी द्वारा, महिला सब इंस्पेक्टर,एवम क्षेत्रीय अधिवक्ता गणों द्वारा नई धाराओं के विषय में जनता के लोगो को जागरूक करते हुए अवगत कराया गया तथा व्यापक प्रचार प्रसार किया गया।

# पुलिस आयुक्त गाबा बोले- नया कानून पारदर्शी, सुलभ और जवाबदेह, अपराधियों को मिलेगी सख्त सजा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** नए कानून के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के लिए सोमवार को सिविल लाइंस थाने में आयोजित गोष्ठी में पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा ने नए कानून की बारीकियों के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नया कानून लागू होने अपराध में कमी आएगी और अपराध करने वालों को सख्त से सख्त सजा मिल सकेगी। उन्होंने एक जुलाई से लागू किए गए नए आपराधिक कानूनों (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम) -2023 के महत्वपूर्ण बदलाव के बारे में जानकारी दी और इसके प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पुराने कानून ब्रिटिश राज्य के हितों की रक्षा को ध्यान में रखते हुए दंड पर आधारित थे, जबकि नए कानून न्याय पर आधारित हैं, जो भारतीय न्याय व्यवस्था को प्रतिबिंबित करता है। नए आपराधिक कानूनों का मुख्य लक्ष्य ऐसी आपराधिक न्याय प्रणाली बनाना है जो न केवल नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करती, बल्कि कानूनी व्यवस्था को भी और अधिक मजबूत बनाती है ताकि सभी के लिए सुलभ एवं त्वरित न्याय सुनिश्चित हो। नए कानून में नागरिकों मौखिक या इलेक्ट्रॉनिक संचार का उपयोग कर बिना उस क्षेत्र पर विचार किये जहां अपराध किया गया है एफआईआर दर्ज कराने एवं बिना देरी के एफआईआर की एक प्रति निःशुल्क प्राप्त करने का अधिकार प्रदान करता है। टेक्नोलाजी को दृष्टिगत रखते हुए दांडिक प्रणाली में आडियो, वीडियो एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य को समाहित किया गया है तथा कानूनी जांच, पूछताछ एवं मुकदमें की कार्यवाही को इलेक्ट्रॉनिक रुप से आयोजित करने का प्राविधान है।

**यौन अपराधों में आजीवन कारावास तक की सजा का प्राविधान :** आयुक्त ने बताया कि नए प्राविधानों में पुलिस को 90 दिन के भीतर जांच की प्रगति के बारे में पीड़ित को सूचित करना अनिवार्य है तथा पीड़ित की मेडिकल जांच उसकी सहमति से और अपराध की सूचना मिलने के 24 घंटे के भीतर कराए जाने अधिकार प्राप्त करने के प्राविधान है। महिलाओं एवं बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों में कठोर दंड (आजीवन कारावास या मृत्युदंड) का प्राविधान किया गया है तथा चिकित्सकों को बलात्कार से पीड़ित महिला की मेडिकल रिपोर्ट सात दिनों के भीतर जांच अधिकारी को भेजने एवं पीड़ित महिला का बयान, केवल महिला न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा दर्ज किया जाएगा और उसकी अनुपस्थिति में किसी महिला की उपस्थिति में पुरुष न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज किये जाने का प्राविधान है।आपराधिक न्याय प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और सुलभ बनाया गया है। नागरिकों को अभियोजन पक्ष की सहायता के लिए अपना स्वयं का कानूनी प्रतिनिधित्व करने का अधिकार प्रदान किया गया है। इस मौके पर शहर के तमाम व्यापारी, समाजसेवी, महिलाएं और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पुराने कानून की अपेक्षा नए कानून से जल्द मिलेगा न्याय : एडीसीपी

एक जुलाई से पूरे देश में लागू हुए नए कानून को लेकर सोमवार को घूरपुर थाने में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें लागू हुए तीन नए कानूनों की जानकारी दी गई। गोष्ठी की अध्यक्षता एडीसीपी यमुनानगर अभिजीत कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि महिला अपराध से लेकर संगठित अपराधों की धाराओं में बदलाव करते हुए अब उन्हें और सख्त किया गया है। संगठित अपराध सिद्ध होने पर आरोपी को अब के नए कानून में मृत्यु दंड का प्रावधान दिया गया है।एसीपी कौंधियारा विवेक कुमार यादव ने बताया अब मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने आने की जरूरत नहीं है। घर बैठे ही पीड़ित व्यक्ति ई-रिपोर्टिंग के माध्यम से केस दर्ज करा सकता है बशर्ते केस दर्ज होने के तीन दिन के भीतर सभी औपचारिकता पूर्ण करनी होगी। किसी की गिरफ्तारी को लेकर ऑडियो और वीडियो की रिकार्डिंग जरूरी है।पुलिस जो अब तक मुल्जिमों की कस्टडी रिमांड 15 दिन की लेती थी और उसमें आरोपी बीमारी का बहाना बताकर जांच प्रक्रिया को बाधित करता था। नए कानूनों बदलाव से 15 दिन की रिमांड जांच के लिए कई बार बढ़ाई जा सकती है। इसी तरह तीन नए कानून की विस्तार से जानकारी लोगो को दी गई । इस मौके पर एसएचओ घूरपुर केशव वर्मा, अति प्रभारी नितेंद्र शुक्ल, दिनेश सिंह, वेदपाल सिंह, अमित सिंह, विक्की गुप्ता मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### नैनी सेंट्रल जेल में कैदियों को पढ़ाया नए कानून का पाठ




**नैनी।** नैनी सेंट्रल जेल और जिला जेल नैनी में सोमवार को कैदियों को भी नए कानून का पाठ पढ़ाया गया। कैदियों को तीनों नाए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की जानकारी दी गई। सेंट्रल जेल नैनी में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज के एडीजे दिनेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में गोष्ठी हुई। जिसमें नए कानून की जानकारी दी गई। इस गोष्ठी में कारागार के वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंगबहादूर, प्रशिक्षु जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह, चिकित्साधीक्षक डॉ. वेद प्रकाश चंद, चिकित्साधिकारी डॉ. अर्पणधर दुर्बे, कारापाल डॉ. आलोक कुमार, कारापाल ओमप्रकाश, चीफ डिफेंस काउंसिल विकास गुप्ता के साथ ही युनाइटेड कॉलेज प्रयागराज के विधि संकाय के छात्र छात्राएं भी मौजूद थी। इसी क्रम में जिला जेल नैनी में नए कानून की जानकारी कैदियों और कर्मचारियों को दी गई। इस मौके पर जेल अधीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह समेत अन्य कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

### नए कानून के तहत धूमनगंज थाने में दर्ज हुआ पहला मुकदमा

**महिला ने मारपीट की दर्ज कराई नामजद एफआईआर**

**प्रयागराज।** भारतीय न्याय संहित यानी नया कानून सोमवार को लागू होने के बाद जनपद में पहली एफआईआर धूमनगंज थाने में दर्ज कराई गई है। सुलेमसराय की रहने वाली एक महिला अनीता देवी ने अपराह्न 3.55 बजे एक नामजद समेत दो लोगों के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला की तहरीर पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 115. 352 और 351 (3) तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई।

## पेंट की दुकान में लगी भीषण आग, दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर पाया काबू



**प्रयागराज।** कैंट थाना क्षेत्र के राजापुर में एक पेंट की दुकान में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते दुकान से आग की लपटें उठने लगीं। शोरगुल होने पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोग आग बुझाने में जुट गए। जानकारी पाकर दमकल कर्मी भी मौके पर पहुंच गए।राजापुर में हनुमान मंदिर के पास घने मुहल्ले में लगी आग की घटना से आसपास के घरों के लोग भी दहश में बाहर आ गए। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। शार्ट सर्किट से आग लगने की बात कही जा रही है। आग से लाखों रुपये के पेंट सहित अन्य सामान जलकर नष्ट हो गए। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। राजापुर में हनुमान मंदिर तिराहे के पास राजीव पटेल हार्डवेयर और पेट की दुकान संचालित करते हैं। भूतल पर वह दुकानों का संचालन करते हैं और ऊपर के तल पर परिवार समेत रहते हैं। रोज की तरह रविवार रात भी दुकान बंद कर ऊपर कमरे में चले गए। रात 10:00 बजे के करीब अचानक पेंट की दुकान से धुआं उठने लगा।आसपास के लोगों ने शोर मचाया लेकिन तब तक आग फैल चुकी थी। कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस भी आ गई। दो फायर टेंडर से अग्निशमन विभाग कर्मियों ने आज पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। हालांकि, हर बीतते पल के साथ आग और भयावह होती जा रही थी। इसके बाद दो और फायर टेंडर बुलाए गए और फायर ब्रिगेड अफसर भी आ गए।घटना के बाद दूसरे और तीसरे तल पर परिवार के 10 लोग फंसे थे जिसमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल थे। फायर ब्रिगेड की टीम ने रेस्क्यू कर पहले ऊपर के दोनों तल पर फंसे लोगों को बाहर निकाला और इसके बाद आग बुझाने का कार्य शुरू हुआ। करीब 3:30 घंटे की मशक्कत के बाद रात 1:30 बजे के करीब आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान भीतर रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉक्टर आरके पांडेय ने बताया कि आशंका है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

## ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय पुनः खुलने पर नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का रोली टीका लगाकर किया गया स्वागत

**प्रयागराज।** शासन की मंशा के अनुरूप ग्रीष्मावकाश के पश्चात विद्यालय खुलने पर छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय के सभी अध्यापकों को अभिप्रेरणा, मनोबल में वृद्धि तथा विद्यालयों में उत्साह वर्द्धक वातावरण के सृजन तथा नामांकन एवं उपस्थिति में वृद्धि लाने हेतु नगर क्षेत्र के संविलयन विद्यालय पुराना कटरा-2 में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु मुख्य अतिथि गौरव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बच्चों को रोली टीका लगाकर तथा माला पहनाकर स्वागत किया गया। बच्चों को स्टेशनरी तथा मिष्ठान्न वितरण के पश्चात कक्षा-1 तथा कक्षा-2 के बच्चों को पुस्तक वितरण किया गया। मुख्य अतिथि महोदय ने बच्चों को आर्शीवचन देते हुये कहा कि ग्रीष्मावकाश के पश्चात विद्यालय खुलने पर नया उत्साह और नयी ऊर्जा के साथ सभी शिक्षक तथा बच्चे पठन-पाठन में जुट जायें। निपुण वार्षिक कार्ययोजना के अनुरूप सभी विद्यालयों में पठन-पाठन प्रारम्भ कर दिया जाये तभी जनपद प्रयागराज प्रदेश में अच्छी रैंकिंग हासिल कर सकेगा। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में नगर क्षेत्र में आपरेशन कायाकल्प के



अन्तर्गत सभी विद्यालय 19 पैरामीटर पर संतृप्त हो रहे है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 12 विद्यालयों को मुख्यमन्त्री अभ्युदय विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रयागराज नगर निगम द्वारा 24 विद्यालयों का पुनर्निर्माण किया जा रहा है तथा 24 विद्यालयों का पुनर्निर्माण कार्यदायी संस्था द्वारा कराया जा रहा है। सभी विद्यालयों में कक्षा-कक्ष रूपान्तरण के तहत बच्चों में कक्षा अनुरूप दक्षताओं की प्राप्ति हेतु बाला पेन्टिंग करायी जा रही है। बाला पेंटिग के द्वारा विद्यालय भवन को शिक्षण सहायक भवन के रूप में विकसित किया जा रहा है जिससे बच्चों को विद्यालय में आकर्षक वातावरण मिलेगा तथा निपुण वार्षिक कार्य योजना के तहत निपुण विद्यालय के रूप में विकसित किया जा सकेगा। उन्होने नगर क्षेत्र के संविलयन विद्यालय पुराना कटरा-2 में बाला पेटिंग का अवलोकन किया तथा प्री-प्राइमरी के तहत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया तथा प्री-प्राइमरी कक्षा से कक्षा 2 तक के बच्चों को निपुण बनाने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी महोदय तथा मुख्य विकास अधिकारी महोदय के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय के सभी अध्यापकों को अभिप्रेरणा, मनोबल में वृद्धि तथा विद्यालयों में उत्साह वर्द्धक वातावरण के सृजन तथा नामांकन एवं उपस्थिति में वृद्धि लाने हेतु समस्त जनपदीय अधिकारियों द्वारा भी विभिन्न विकास खण्डों के विद्यालयों में बच्चों को रोली टीका लगाकर तथा माला पहनाकर स्वागत किया। इसी प्रकार जनपद प्रयागराज के समस्त ब्लाक स्तरीय अधिकारियों ने विद्यालय पहुँच कर बच्चों का स्वागत रोली टीका लगाकर तथा माला पहनाकर किया।

## महाकुंभ को दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत अधिकारियों ने की बैठक



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 को दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत प्रयागराज जनपद के सौंदर्यीकरण के संबंध में मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता एवं मेला अधिकारी तथा समस्त संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में आयुक्त कार्यालय स्थित गाँधी सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम पर्यटन की दृष्टिकोण से जनपद के प्रमुख स्थानों पर फसाद लाइटिंग लगाने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई जिसके अंतर्गत नैनी ब्रिज, शंकर विमान मंडपम, अलोप शंकरी मंदिर, नागवासुकी, श्रृंगवेरपुर धाम, ओडीफोर्ड तथा शास्त्री ब्रिज को विभिन्न प्रकार की फसाद लाइटिंग से सजाया जायेगा।लगभग दस लाख स्क्वायर फिट में स्ट्रीट आर्ट बनाने के दृष्टिगत कंटेंट भी फाइनलाइज किया जा रहा है जिसकी वेटिंग एक सक्षम समिति से करा ली गई है ताकि वॉलपेंटिंग एवं म्यूरल्स के माध्यम से प्रयागराज एवं महाकुंभ की महिमा पूर्णतः दर्शाई जा सके। शहर के विभिन्न स्थानों पर ग्रीन बेल्ट डेवलपमेंट के दृष्टिगत डीएफओ द्वारा कुंभ मद से 1.5 लाख पेड़ भी लगाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त शहर की 96 सड़कों का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रयागराज के सभी मुख्य मार्गों, फ्लाईओवर का भी सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। विद्युत विभाग द्वार परेड एरिया, एयरपोर्ट एवं बागांबरी रोड पर अंडरग्राउंडिग का काम तथा पेशवाई एवं अन्य मुख्य मार्गों पर फाइबर एवं सर्विस केवल की बंडलिंग का काम कराया जायेगा। आने वाले श्रद्धालुओं के बेहतर गाइडेंस हेतु प्लेस आइडेंटिफिकेशन के 175, ओवरहेड 12, एडवांस डायरेक्शन साइन बोर्ड 106, पार्किंग बोर्ड 305, मल्टी लिंग्वल साइन बोर्ड 150 एवं मैप टाइप इमेज बोर्ड 48 लगाए जा रहे हैं। बैठक में मण्डलायुक्त ने नगर आयुक्त को निर्देशित किया है की शहर के सभी अवैध साइन बोर्डों को चिह्नित कर हटाएं तथा अवैध रूप से साइन बोर्ड लगा रहे एजेंसियों एवं व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई करें।

### गंगा की धारा में संतुलन के लिए तीन हजार मीटर लंबे नए चैनल का निर्माण, ड्रेजिंग का कार्य जोरों पर

**प्रयागराज।** महाकुंभ में संगम की तरफ बसावट के लिए अच्छी भूमि की उपलब्धता और कटान के खतरों से बचाव के लिए गंगा की धारा में एकरूपता लाने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। इसके लिए तलहटी में ड्रेजिंग कराकर सिल्ट हटाई जा रही है। बीच गंगा में 27 सौ मीटर लंबा नया चैनल बनाया जा रहा है। ताकि, आने वाले समय में गंगा का प्रवाह उसी चैनल से होकर संगम में मिल सके। मेला प्रशासन की यह योजना सफल रही तो महाकुंभ में संगम अपर, संगम लोवर और त्रिवेणी, काली मार्गों पर बसावट के लिए पर्याप्त समतल भूमि मिल सकेगी। गंगा की मध्य तलहटी में 2700 मीटर लंबे चैनल का निर्माण अंतिम दौर में है। कटान रोकने और धारा में एकरूपता बनाए रखने के लिए गंगा में महीने भर से ड्रेजिंग चल रही है। करीब 25 मीटर चौड़ा चैनल ओल्ड रेल ब्रिज से संगम में मिलाया जाएगा। हाल के वर्षों में देखा गया है कि गंगा के बदलते प्रवाह की वजह से दाहिनी तरफ कटान होती रही है।दाहिनी तरफ कटान की वजह से पिछले माघ मेले में त्रिवेणी मार्ग, काली मार्ग के अलावा संगम नोज से सैकड़ों संस्थाओं को विस्थापित होना पड़ था। इसके अलावा रामानुज मार्ग का निर्माण भी नहीं हो सका था। इससे सबक लेते हुए गंगा में ड्रेजिंग कराई जा रही है। ताकि प्रवाह अलग-अलग धाराओं में न बंटने पाए और नए चैनल से गंगा को संगम में मिला दिया जाए, ताकि महाकुंभ की बसावट में दिक्कतें न आने पाएं। यह जिम्मेदारी सिंचाई विभाग को दी गई है। जेसीबी और पोकलैंड की मदद से नए चैनल के लिए ड्रेजिंग कराई जा रही है। मेला प्रशासन की योजना है कि गंगा में पूर्व दिशा की ओर यानी झूंसी की तरफ खुदाई कर दी जाए तो महाकुंभ के दौरान धारा झूंसी की तरफ खिसक जाएगी। इससे शहर की तरफ संगम नोज और उससे लगे तटों, मार्गों पर मेला बसाने के लिए ज्यादा जगह मिल जाएगी। ड्रेजिंग के लिए पोकलैंड का प्रतिदिन का खर्च दो से तीन लाख रुपये आ रहा है। गंगा से बालू खोदकर वहीं पर भंडारित भी किया जा रहा है। इससे बीच तलहटी में जगह-जगह रेत के टीले बन गए हैं।

## 302 नही हत्या पर लगेगी धारा 103, नए कानून की दी जानकारी



**झूंसी।** आईपीसी को जगह अब बीएनएस की धाराओं में थानों में रिपोर्ट दर्ज होगी। रविवार रात 12 बजे से नए नियम को लागू कर दिया गया। इसके प्रचार प्रसार व जानकारी के लिए सोमवार को झूंसी थाने में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित जनप्रतिनिधियों स्थानी लोगों को एसीपी झूंसी विमल किशोर मिश्रा ने नए कानून भारतीय न्याय संहिता की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि नए कानून से अब पीड़ितों को न्याय मिलने में आसानी होगी। वारदात स्थलों की वीडियो ग्राफी होगी, एसएमएस से सम्मन भेजने की सुविधा होगी। थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने उपस्थित लोगो से नए कानून के प्रचार प्रसार में सहयोग की अपील की। इस दौरान दिवान से दरोगा बने डेड मोहर्रिर अवधेश यादव को एसीपी व थाना प्रभारी ने स्टार लगा कर बधाई दी। कार्यक्रम में पार्षद अनिल यादव उर्फ धुन्नू, सियाराम मौर्य, शिवनारायण यादव, सुमित निषाद, राम मिलन, ब्यापार मंडल अध्यक्ष सूरज सोनकर, चौकी इंचार्ज चमनगंज सन्तोष सिंह, चौकी इंचार्ज कपिल चहल, राम बालक सहित स्थानी गणमान्य लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कुखुड़ी वि.खं. माण्डा, प्रयागराज

**पत्रांक:** मेमो/ग्राम पं. वि. अ./ कोटेशन / 2024-25 दिनांक : 01.07.2024

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कुखुड़ी में राज्य वित्त / पंचम राज्य वित्त / 15वाँ वित्त आयोग/मनरेगा/राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन/कायाकल्प योजना स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना/सार्वजनिक शौचालय निर्माण आदि योजनाओं/कार्यक्रमों के अन्तर्गत नाला नाली निर्माण एवं मरम्मत, खडन्जा, निर्माण एवं मरम्मत, कूप का जीर्णोद्धार, इण्डिया मार्का 2 हैण्डपम्प की मरम्मत/रिबोरिंग / स्थापना एवं प्लेटफार्म निर्माण एवं मरम्मत, सोख्ता गड्ढा का निर्माण, इण्टरलाकिंग कार्य, एम डी एम शेड निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति, एल.ई.डी. इलेक्ट्रिक बल्ब, सोलर / स्ट्रीट लाइट, पानी का टैंकर, बाउन्ड्री वाल का निर्माण/मरम्मत ह्यूम पाइप, विद्यालय/पंचायत भवन एवं आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मत एवं खिड़की/दरवाजा आदि की रंगाई-पुताई/कोविड़-19 बचाव हेतु ब्लीचिंग पाउडर सेनेटाइजर मास्क, फागिंग मशीन, फुट स्प्रेयर/पावर स्प्रेयर/सफाई कर्मी किट एवं अन्य उपकरण तथा इस कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री एवं परियोजना बोर्ड की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से दिनांक 03.07.2024 से 04.07. 2024 तक सीलबन्द निविदा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 13.07. 2024 को अपराहन 11:00 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जायेगी। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक-पृथक होगी। निविदा ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2024-25 अन्तर्गत कराए जाने वाले सभी कार्यों हेतु प्रभावी होगी। निविदा व शर्तः- (1) निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण एवं आंशिक संशोधन अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। (2) रुपए 100 के नान ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर एक रुपए का रसीदी टिकट लगाकर अनुबन्ध लिखना होगा कि परियोजना पूरी होने की अवधि तक अनुबन्ध मान्य होगा, इससे पहले निविदा/आफर वापस लेने पर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। (3) फर्म का टिन नं०/ पैन नं० तथा सामगी आपूर्ति पर देय कर/टी.डी.एस. कटौती की जिम्मेदारी फर्म की होगी।

**रेनू देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत कुखुड़ी**
**वि० ख० माण्डा प्रयागराज**

**कमल कुमार**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत कुखुड़ी वि० ख० माण्डा प्रयागराज**


## सपेरा शराब के नशे में लोगों के घर के बाहर सांप छोड़ दिया



**नैनी।** नैनी चकरघुनाथ के जमुनानगर मोहल्ले में अजीबो गरीब मामला सामने आया। एक मदारी ने शराब के नशे में घर के बाहर सांप छोड़ दिया। जो महिला के घर के बाहर नाली में घुस गया। महिला ने 112 हेल्पलाइन में फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को देखा तो मोहल्ले वाले से पूछताछ कर वापस चली गई। मोहल्ले के लोग सांप के डर से अपने घरों में रहने पर भी डरे हुए हैं। रविवार को जमुनानगर मोहल्ले में एक सपेरा शराब के नशे में लोगों के घर के बाहर सांप दिखाकर रुपया मांग रहा था। जैसे ही वह गुड़िया देवी के घर के पास पहुंचा और पिटारा खोलकर सांप दिखाने लगा। महिलाओं ने मना किया तो सपेरा वहीं पिटारा खोलकर बैठ गया। सपेरा इतने नशे में था कि सांप महिला के घर के बाहर नाली में घुस गया। घुसे सांप को देखकर महिलाएं डर गई और घर के बाहर निकल आई। शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग इकट्ठे हो गए। सपेरे से लोगो ने सांप को निकालने के लिए कहा, लेकिन सपेरा इतने नशे में था कि वह सांप निकालने में असमर्थता जताई। जिसपर महिलाओं ने 112 पर फोन किया। पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन पुलिस ने मोहल्ले वालों से पूछताछ कर वापस चली गई। महिलाओं ने पुलिस कर्मी से कहा कि सपेरे के साथियों को बुलाकर सांप को ढूंढ़वा दीजिये। लेकिन पुलिस सपेरे को भी लोगो से छुड़वाकर वापस चली गईं । वही सपेरे ने भी घोड़ा पछाड़ सांप होने की बात कहते हुए वहां से चला गया। लेकिन वहां रहने वाले अन्य लोगो मे सांप का खौफ बना हुआ है वह अपने घरो के अंदर जाने में भी डर रहे हैं।

## हादशे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**झूंसी।** अंदावा सहसो मार्ग पर शुक्रवार की रात सड़क पार करते समय अज्ञात बाइक की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान रविवार को पीजीआई में मौत हो गई।

रहीमापुर शेरडीह निवासी रूपचन्द्र यादव पुत्र स्व. भुल्लूर यादव दुकान पर रह कर हलवाई का काम करता था। शुक्रवार रात्रि में दुकान पर काम खत्म होने पर अपने घर जा रहा था। सड़क पार करने के दौरान अंदावा से सहसो जा रहे किसी अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों उपचार के लिए स्वरूप रानी में भर्ती करा दूसरे दिन हालात गंभीर होने पर परिजनों ने उपचार के लिए लखनऊ ले गए जहाँ उसकी मौत हो गई। रूपचन्द्र के चार बच्चे है दो बेटी और दो बेटे है। सभी का रो रो कर बुरा हाल है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत भौसरानरोत्तम वि.खं. माण्डा, प्रयागराज

**पत्रांक:** मेमो/ग्राम पं. वि. अ./ कोटेशन / 2024-25 दिनांक : 01.07.2024

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत भौसरानरोत्तम में राज्य वित्त / पंचम राज्य वित्त / 15वाँ वित्त आयोग/मनरेगा/राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन/कायाकल्प योजना स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना/सार्वजनिक शौचालय निर्माण आदि योजनाओं/कार्यक्रमों के अन्तर्गत नाला नाली निर्माण एवं मरम्मत, खडन्जा, निर्माण एवं मरम्मत, कूप का जीर्णोद्धार, इण्डिया मार्का 2 हैण्डपम्प की मरम्मत/रिबोरिंग / स्थापना एवं प्लेटफार्म निर्माण एवं मरम्मत, सोख्ता गड्ढा का निर्माण, इण्टरलाकिंग कार्य, एम डी एम शेड निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति, एल.ई.डी. इलेक्ट्रिक बल्ब, सोलर / स्ट्रीट लाइट, पानी का टैंकर, बाउन्ड्री वाल का निर्माण/मरम्मत ह्यूम पाइप, विद्यालय/पंचायत भवन एवं आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मत एवं खिड़की/दरवाजा आदि की रंगाई-पुताई/कोविड़-19 बचाव हेतु ब्लीचिंग पाउडर सेनेटाइजर मास्क, फागिंग मशीन, फुट स्प्रेयर/पावर स्प्रेयर/सफाई कर्मी किट एवं अन्य उपकरण तथा इस कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री एवं परियोजना बोर्ड की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से दिनांक 03.07.2024 से 04.07. 2024 तक सीलबन्द निविदा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 13.07. 2024 को अपराहन 11:00 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जायेगी। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक-पृथक होगी। निविदा ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2024-25 अन्तर्गत कराए जाने वाले सभी कार्यों हेतु प्रभावी होगी। निविदा व शर्तः- (1) निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण एवं आंशिक संशोधन अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। (2) रुपए 100 के नान ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर एक रुपए का रसीदी टिकट लगाकर अनुबन्ध लिखना होगा कि परियोजना पूरी होने की अवधि तक अनुबन्ध मान्य होगा, इससे पहले निविदा/आफर वापस लेने पर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। (3) फर्म का टिन नं०/ पैन नं० तथा सामगी आपूर्ति पर देय कर/टी.डी.एस. कटौती की जिम्मेदारी फर्म की होगी।

**धनराजी**
**(ग्राम प्रधान)**
**ग्राम पंचायत भौसरानरोत्तम**
**वि० ख० माण्डा प्रयागराज**

**कमल कुमार**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत भौसरानरोत्तम**
**वि० ख० माण्डा प्रयागराज**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बसकड़ी वि.खं. माण्डा, प्रयागराज

**पत्रांक:** मेमो/ग्राम पं. वि. अ./ कोटेशन / 2024-25 दिनांक : 01.07.2024

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बसकड़ी में राज्य वित्त / पंचम राज्य वित्त / 15वाँ वित्त आयोग/मनरेगा/राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन/कायाकल्प योजना स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना/सार्वजनिक शौचालय निर्माण आदि योजनाओं/कार्यक्रमों के अन्तर्गत नाला नाली निर्माण एवं मरम्मत, खडन्जा, निर्माण एवं मरम्मत, कूप का जीर्णोद्धार, इण्डिया मार्का 2 हैण्डपम्प की मरम्मत/रिबोरिंग / स्थापना एवं प्लेटफार्म निर्माण एवं मरम्मत, सोख्ता गड्ढा का निर्माण, इण्टरलाकिंग कार्य, एम डी एम शेड निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति, एल.ई.डी. इलेक्ट्रिक बल्ब, सोलर / स्ट्रीट लाइट, पानी का टैंकर, बाउन्ड्री वाल का निर्माण/मरम्मत ह्यूम पाइप, विद्यालय/पंचायत भवन एवं आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मत एवं खिड़की/दरवाजा आदि की रंगाई-पुताई/कोविड़-19 बचाव हेतु ब्लीचिंग पाउडर सेनेटाइजर मास्क, फागिंग मशीन, फुट स्प्रेयर/पावर स्प्रेयर/सफाई कर्मी किट एवं अन्य उपकरण तथा इस कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री एवं परियोजना बोर्ड की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से दिनांक 03.07.2024 से 04.07. 2024 तक सीलबन्द निविदा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 13.07.2024 को अपराहन 01:00 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जायेगी। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक-पृथक होगी। निविदा ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2024-25 अन्तर्गत कराए जाने वाले सभी कार्यों हेतु प्रभावी होगी। निविदा व शर्तः- (1) निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण एवं आंशिक संशोधन अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। (2) रुपए 100 के नान ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर एक रुपए का रसीदी टिकट लगाकर अनुबन्ध लिखना होगा कि परियोजना पूरी होने की अवधि तक अनुबन्ध मान्य होगा, इससे पहले निविदा/आफर वापस लेने पर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। (3) फर्म का टिन नं०/ पैन नं० तथा सामगी आपूर्ति पर देय कर/टी.डी.एस. कटौती की जिम्मेदारी फर्म की होगी।

**रमाशंकर उर्फ रामशंकर**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बसकड़ी**
**वि० ख० माण्डा प्रयागराज**

**कमल कुमार**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत बसकड़ी**
**वि० ख० माण्डा प्रयागराज**

# अभियान चलाकर अभिभावकों से सम्पर्क कर बच्चों का शत् प्रतिशत कराएं पंजीकरणः डीएम

**डीएम ने छात्र-छात्राओं को जमेट्री बाक्स एवं चाकलेट का किया वितरण**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत नव प्रवेश उत्सव के अवसर पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने प्राथमिक विद्यालय राजगढ़ में पहुॅचकर अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं को जमेट्री बाक्स व चाकलेट का वितरण किया और बच्चों से संवाद कर कहा कि सभी बच्चे प्रतिदिन स्कूल में आये और पढ़ाई कर आगे बढ़े। इस दौरान विद्यालय के बच्चो ने पोयम (कविता) को सुनाया जिस पर जिलाधिकारी ने बच्चों की प्रशंसा की।

जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि आप लोगों के अभिभावकों के खाते में माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से पैसा हस्तान्तरण कर दिया गया है जिसका आप लोग जूता, मोजा, बैग, ड्रेस में उपयोग करें एवं आप लोग प्रतिदिन डेड्रस में आयें। जिलाधिकारी ने इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, समस्त विद्यालयों में अभियान चलाकर अभिभावकों से सम्पर्क कर बच्चों का शत् प्रतिशत पंजीकरण कराया जाये। उन्होने कहा कि अध्यापकगण पठन-पाठन में रूचि लेकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर ज्ञान का दीप जलाये, एक अच्छा नागरिक बनने हेतु शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होने निर्देशित किया कि निर्धारित मेनू के अनुसार बच्चों को गुणवत्तायुक्त भोजन दिया जाये। स्कूल चलो अभियान के अवसर पर बच्चों हेतु विद्यालय में हलुवा बनाया गया था। जनपद के समस्त विद्यालयों में अध्यापकों द्वारा बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी ने इस दौरान प्राथमिक विद्यालय राजगढ़ में आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चो को चॉकलेट का वितरण किया और आंगनबाड़ी कार्यकत्री से बच्चो के वजन मशीन की जानकारी ली तो बताया गया कि वजन मशीन उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री को निर्देशित किया कि समय-समय पर बच्चों का वजन करते रहे और ग्रोथ चार्ट पंजिका में इसका अंकन करें। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी, ग्राम प्रधान व एआरपी धर्मेन्द्र ओझा भी उपस्थित रहे।



बच्चों को चाकलेट देते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

## बच्चों का नामांकन समाज के लोगों के लिये सुनहरा अवसरः राजेन्द्र मौर्य

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नामांकन पखवारा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक मौर्य और नगर अध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय पहुंचे। इस दौरान सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि नामांकन पखवारा समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों के लिए एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज के सभी लोग अपने बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करें ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह सके। नगर अध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। यह नामांकन पखवारा निश्चित रूप से समाज में शिक्षा का प्रसार करने में सहायक होगा और बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव रखेगा। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र संजय यादव, राकेश सिंह, दिनेश सिंह, सुधीर सिंह, खुर्शीद, कलीम, अशोक, धर्मेंद्र, आकांक्षा गुप्ता, मीनाक्षी पांडेया आदि में भाग लिया।

## मोहर्रम के त्यौहार को लेकर पट्टी थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आगामी मोहर्रम के त्यौहार को लेकर पट्टी कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस क्षेत्र अधिकारी व एसटीएफ के साथ कोतवाल मौजूद रहे। पट्टी कोतवाली परिसर में सोमवार को आगामी मोहर्रम के त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक आहूत की गई। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकार आनंद राय ने कहा कि आप हमारा सहयोग करिए हम आपका पूरा सहयोग करेंगे। त्यौहार खुशी के लिए आते हैं तो त्यौहार में खुशी मनाए। किसी भी सांप्रदायिक स्थिति या सौहार्द बिगड़ने का प्रयास न करें। यदि आप हमारा सहयोग करेंगे तो हम आपका सहयोग करेंगे। वहीं एसडीएम तनवीर अहमद ने लोगों से शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील की। इस दौरान शासन की मंशा के अनुरूप त्योहार मनाए जाने के विषय में भी लोगों को विस्तृत जानकारी देने के साथ दिशा निर्देश दिया गया। वहीं लोगों से उनकी समस्याएं भी जानी गई और इसके निस्तारण के लिए टीम गठित की गई। इस दौरान कोतवाल आलोक कुमार अतिरिक्त इंस्पेक्टर केपी सिंह, कलीम अहमद, खलील अहमद, अब्बास राइन, दिलशाद, युसूफ खान, मोहम्मद हनीफ, बड़े हनुमान मंदिर के पुजारी समेत तमाम संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## किशोरी को विषैले जंतु ने काटा, हालत गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घर के अंदर कमरे में पढ़ाई कर रही किशोरी को किसी विषैले जंतु ने काट लिया। परिजन उसे सीएचसी बेलखरनाथ धाम ले गए जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। कधंई थाना क्षेत्र के दूलापुर गांव निवासी राजेश यादव की बेटी रानी 11 सोमवार सुबह घर के अंदर पढाई कर रही थी अचानक किसी विषैले जंतु ने पैर में काट लिया। उसके चिल्लाने पर परिवार के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबा बेलखरनाथ धाम ले गए जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## दो बच्चों को साथ लेकर विवाहिता हुई फरार, एसपी से की फरियाद

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** चंडीगढ़ रह रहे युवक की पत्नी दो बच्चों को साथ लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई। जानकारी होने पर वह घर आया। एसपी समेत उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। जिले के थाना कंधई अंतर्गत अमसौना गांव निवासी एक युवक ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी शादी 7 वर्ष पूर्व हुई थी। वह रोजी-रोटी के लिए चंडीगढ़ शहर में रहता है। पत्नी दो बच्चों के साथ घर पर रहती थी। एक माह पूर्व उसे पता चला कि गांव के ही गैर समुदाय के एक युवक से उसका प्रेम संबंध हो गया है, जिसकी जानकारी लेने पर पत्नी उसे तरह-तरह के बहाने बताती रही। 15 दिन पूर्व मायके जाने की बात कह कर घर से गई और प्रेमी के साथ फरार हो गई। जानकारी होने पर वह घर आया। स्थानीय थाने पर प्रार्थना पत्र दिया। वहां कोई सुनवाई न होने के बाद वह पुलिस क्षेत्राधिकार पट्टी वा एसपी प्रतापगढ़ को प्रार्थना पत्र देखकर न्याय की गुहार लगाई है। आरोप लगाया है की पत्नी अपने साथ 25 हजार नगदी व सोने चांदी के गहने भी ले गई है।

## गांवों का सीमा विवाद, साल भर से घरों के सामने बह रहा नाला

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के करनपुर खूझी व मोलानी गांवों में सीमा विवाद के चलते तीस घरों से अधिक लोगों को बरसात में घरों से निकलना दूभर हो जाता है। गांव के लोगों ने दो साल से पानी निकासी की मांग कर रहे हैं लेकिन जनप्रतिनिधि व अधिकारी समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। बरसात में ग्रामीण गंदे नाले के पानी में रहने को मजबूर हो गए हैं। समस्या से निजात दिलाने के लिए सोमवार को गांव के बेलखरनाथ धाम ब्लॉक के मोलानी गांव की श्यामा देवी, पारस नाथ, पप्पू, लल्लू व करनपुर खूझी के शब्बीर अहमद जाहिद, एहसान अली, नौशाद, फूलचंद गुप्ता, असलम अंसारी, रवि सोनी लालता प्रसाद सोनी ने बताया कि पहले बरसात का पानी नाले में बह जाता था लेकिन कुछ लोगों ने मेड़ बांध दिया है जिसके चलते बरसात में घरों के सामने जलजमाव हो जाता है। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी व जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

## फांसी के फन्दे से लटकता मिला किशोरी का शव

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में फांसी के फंदे से लटककर किशोरी ने आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे कुरैशी राहाटीकर निवासी हकीम की पन्द्रह वर्षीया पुत्री साहिमा का शव सोमवार दोपहर घर के समीप आम के पेड़ में फांसी के फंदे से लटकता मिला। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। पीड़ित परिवार के अनुसार साहिमा दोपहर करीब तीन बजे शौच के लिए जाने की बात कहकर घर से निकली थी। मौत की वजह को लेकर परिजन कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। एसओ राधेबाबू का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। शव को पीएम के लिए भेजवाया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारण का पता चल सकेगा।

# संचारी रोग अभियान की शुरुआत पर विधायक ने रैली को किया रवाना

**नगर पालिका व स्वास्थ्य विभाग की गाड़िया पूरे शहर में घूमी**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग अभियान के शुभारंभ पर प्रताप बहादुर अस्पताल से एक जागरुकता रैली निकाली गई जिसको सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सफाई से ही संचारी रोग से बचा जा सकता है। इसके लिये शासन स्तर से पूरे माह संचारी रोग अभियान चलाया जाता है।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी जीएम शुक्ला, कई डिप्टी सीएमओ, जिला मलेरिया अधिकारी तथा क्षेत्रीय सभासद आशीष मौजूद रहे। विधायक तथा अन्य अधिकारियों ने पहले स्वच्छता की शपथ ली। फिर नगर पालिका व स्वास्थ्य विभाग की बैनर लगी गाड़ियां पूरे शहर में घूम-घूमकर जागरुकता पैदा कर रही थीं। यह रैली जिला अस्पताल से निकलकर राजापाल टंकी, भंगवा चुंगी होते हुए फिर जिला अस्पताल में समाप्त हुई। बता दें कि प्रदेश सरकार वर्षा ऋतु में मच्छरजनित रोगों से बचाव के लिये हर वर्ष जुलाई माह में जलभराव व गंदगी से बचाव के लिये यह अभियान चलाती है, जिसमें नाले-नालियों की सफाई, एंटी लार्वा का छिड़काव तथा फागिंग की जाती है। आज रंजीतपुर चिलबिला में अभियान की वार्ड वाइस सफाई अभियान की शुरुआत की गई, जहां नाले-नालियों की सफाई, एंटी लार्वा का छिड़काव तथा शाम को फागिंग की गई। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिका के ईओ राम अचल कुरील की निगरानी में यह सफाई अभियान चलाया जा रहा है।



संचारी रोग अभियान की रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते सदर विधायक

## न्यू एंजिल्स स्कूल के बच्चों ने अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकों को दी शुभकामनाएं

**ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद बच्चे खुशी से झूमे**



चिकित्सक को फूल देकर डाक्टर्स डे की शुभकामनाएं देते बच्चे।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विद्यालय में बच्चों के साथ खुशियां लौट आई। सभी बच्चों को रोली चंदन का टीका लगाकर विद्यालय में प्रवेश लिया गया। बता दें कि आज का दिन भारत वर्ष में राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस उपलक्ष्य में न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के छात्र-छात्राएं, मैनेजर एच. आर एफ ज़ीनत, पूनम श्रीवास्तव, आर के मिश्रा, अभिनव मिश्रा आदि ने डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल जाकर डॉ मनोज खत्री, डॉ के के तिवारी, डॉ विवेक त्रिपाठी, डॉ ए सी तिवारी, डॉ दानिश, डॉ सचिन, डॉ राजकमल आदि से मिलकर उन्हें विद्यालय परिवार की ओर से पुष्प और थैन्क्यू कार्ड भेंट किया एवं सभी डॉक्टर्स को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस की हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल की प्रबंधिका डा0 शाहिदा ने बताया कि बच्चों में आज उत्साह देखा गया। चिकित्सक दिवस पर उनकी इच्छा के अनुसार उन्हें प्रताप बहादुर अस्पताल भेजा गया जहां चिकित्सकों ने भी इस भावना का आदर करते हुए बच्चों को आशीर्वाद दिया।

# किसान के बेटे का शव पेड़ से बंधा मिला, हड़कंप, परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के महेशगंज थाना क्षेत्र के गरीबपुर गांव मे सोमवार की सुबह किसान के बेटे का शव पेड़ मे तार से बंधा मिलने पर ग्रामीणो मे हड़कंप मच गया लोगो की भारी भीड़ जमा हो गयी घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन लोग मौके पर पहुँचे और शव लटकता देख कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची महेशगंज पुलिस ग्रामीणो की मदद से शव को पेड़ से खुलवाया और लिखा पढ़ी करके पी एम को जिला अस्पताल भेजा।परिजन लोग हत्या की आशंका जताते हुए घटना की तहरीर पुलिस को दी पुलिस जाँच मे जुटी हुई है।

मालूम हो कि उक्त थाना क्षेत्र के निवासी किसान चंद्रिका प्रसाद गुप्ता का बेटा श्याम बाबू अपने पिता के साथ खेती मे हाथ बटाता है 30 जून की रात घर से खाना खा पीकर अपने खेत चला गया सोमवार की सुबह नीम के पेड़ मे तार से बंधा हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव को तार से बंधा दिखाई देने से साफ पता चलता है कि हत्या करके पेड़ से बांध दिया गया हो। घटना की सूचना ग्रामीणो ने महेशगंज पुलिस को दी। सूचना मिलते ही आनन फानन में पुलिस पहुंची और शव को पेड़ से खुलवाकर लिखा पढ़ी करके थाने ले गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया हत्या का कारण पता नही चल सका पुलिस हर बिंदु को लेकर जांच मे जुटी हुई है। परिजनों व आस पास के लोगों से पूछताछ कर रही है। मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों व ग्रामीणो ने पुलिस से जल्द हत्या का खुलासा व अपराधियों को पकड़ने की मांग की है। इस बाबत जानकारी करने पर थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है मामले की जाँच पड़ताल की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ जाने पर जो होगा विधिक कारवाई की जाएगी जल्द ही हत्या का कारण और अपराधियों का पता लगाया जा रहा है। दोषी को बख्शा नही जाएगा। घटना को लेकर ग्रामीणो व परिजनों मे आक्रोश है।

## सपाईयों ने मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन

**एक से सात जुलाई तक पीडीए करेगी वृक्षारोपण**



वृक्षारोपण करती सांसद की प्रतिनिधि कांति सिंह।

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के मौके पर सपा के सांसद शिवपाल सिंह पटेल डॉक्टर एसपी सिंह के कार्यालय पर सांसद के प्रतिनिधि पूर्व शिक्षक एमएलसी कांति पटेल द्वारा नीम का पेड़ लगाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव का जन्म दिवस मनाया गया। इस मौके पर कांति पटेल ने कहा कि जिस तरह से पेड़ों की कटाई हो रही है उससे आज हमारे प्रदेश में बहुत ही अधिक गर्मी और बीमारियां उत्पन्न हो रही है और जो राहगीर रास्ते पर जा रहे हैं। पेड़ को न पाने की वजह से लोगों को बड़ी दिक्कत हैं इस वजह से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्म दिवस पर हम लोग पेड़ लगाकर उनके लंबी आयु की कामना करेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार के द्वारा किए गए कार्य सिर्फ कागजों पर ही रहते हैं न कि जमीन पर, पिछले वर्ष जो वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ वह भी सिर्फ कागज पर हुआ। इस मौके पर सदर विधानसभा अध्यक्ष राम बहादुर पटेल ने बताया कि पार्टी एक से 7 जुलाई तक राज्य के प्रत्येक गांव में पीडीए वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# दम्पत्ति को गोली मारकर घायल करने वाला बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल

**पुलिस ने घायल अन्तर्राज्यीय बदमाश को लिया गिरफ्त में**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** दो दिन पहले मानधाता थाना क्षेत्र के हैंसी परजी गांव में एक दम्पत्ति पर गोली बारी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के एक सदस्य वीरेन्द्र यादव बच्चा पुलिस मुठभेड़ में घायल होकर गिरफ्तार हो गया है। उसका इलाज प्रताप बहादुर अस्पताल में कराया जा रहा है।

बताया जाता है कि हैंसी परजी गांव में दो दिन पहले एक दम्पत्ति पर गोली चलाकर घायल करने के मामले में दो लोगों के विरुद्ध नामजद तथा कुछ के विरुद्ध अज्ञात रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। आज पुलिस को सूचना मिली कि गजेहड़ा पुल के पास एक हमलावर मौजूद है। इस पर मानधाता थाना के पुलिस व स्वाट टीम जब बदमाश की घेराबंदी की तो उसने पुलिस पर फायर कर दिया। अपना बचाव करते हुए पुलिस ने भी जवाबी फायर किया जिस पर पुलिस की गोली बदमाश के दोनों पैर में लगी और वह घायल होकर गिर गया। इस बारे में पुलिस ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्त में आया वीरेन्द्र यादव शातिर बदमाश है। इसके ऊपर हत्या, लूट के आठ मुकदमे हैं। यह प्रतापगढ़, प्रयागराज और राज्य के बाहर भी इसने घटनाएं की है। पुलिस ने इसके पास से पिस्टल, खोखा तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर लिया है। पुलिस गिरफ्तार बदमाश से बचे बदमाशों के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस ने कहा कि जल्द ही शेष अभियुक्त गिरफ्तार हो जाएंगे।



पुलिस की गिरफ्त में घायल बदमाश।

# चार माह से नहीं मिला मानदेय, मीटर रीडरों ने किया काम बंद

**पट्टी व देवसरा के उपखंड अधिकारी को सौपा ज्ञापन**

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सोमवार को विद्युत मीटर रीडरों ने चार माह का मानदेय, एसआई कार्ड, सामूहिक बीमा तथा आई कार्ड सहित तमाम समस्याओं के चलते काम बंदकर उपखंड अधिकारी पट्टी व आसपुर देवसरा को मांगे पूरी करने के लिए ज्ञापन दिया। मीटर रीडरो ने कहा कि समस्या का समाधान न होने पर पूरी तरह से कम बंद कर दिया जाएगा।

पट्टी व देवसरा विद्युत उपखंड के अंतर्गत काम करने वाले मीटर रीडरों का आरोप है कि उनसे काम तो कराया जा रहा है पर चार महीने से वेतन नहीं दिया गया। तथा एसआई कार्ड, सामूहिक बीमा व आई कार्ड विद्युत विभाग नही दे रहा है। जिसके चलते मीटर रीडरों को भारी कठिनाइयों का सामान करना पड़ रहा हैं। इस मामले में सोमवार को मीटर रीडर जिला अध्यक्ष अमरनाथ यादव की अगुवाई में मीटर रीडरो ने पट्टी व देवसरा के उपखंड अधिकारी एसबी प्रसाद व सृजन कुमार को ज्ञापन सौंपा और कहा कि यदि मामले का निस्तारण नहीं हुआ तो काम पूरी तरह से ठप कर दिया जाएगा। इस दौरान शैलेंद्र तिवारी, किशन, रमाकांत, दुर्गेश, सौरभ महेंद्र आशीष, शेषनाथ सहित लगभग चार दर्जन लोग उपस्थित रहे।



उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देते मीटर रीडर।

## संपादक की कलम से

# पुलिस राज की शुरूआत

2024 के लोकसभा चुनाव में महिला मतदाता निभायेंगी अहम भूमिकालोकसभा चुनाव में धन और बाहुबल पर अंकुश लगाना चुनौतीपूर्ण पिछली लोकसभा में पारित नये कानूनों के सोमवार से लागू होने के साथ ही भारत में नये सिरे से पुलिस राज की शुरूआत हो रही है। ऐसे वक्त में जब दुनिया भर के विकसित व लोकतांत्रिक देशों की सरकारें अपने नागरिकों को अधिक आजाद और अधिकार सम्पन्न कर रही हैं, भारत को 'लोकतंत्र की जननी' कहने वाली सरकार ने जिस न्याय संहिता को लागू करने का ऐलान किया है, उससे नागरिकों पर पुलिस के जरिये उसका सख्त पहरा बैठ जायेगा। उसकी आजादी को जैसा बड़ा खतरा नयी न्याय संहिता से होने जा रहा है, वैसा पहले कभी नहीं रहा।

अनेक पुराने कानूनों को हटाकर या बदलकर औपनिवेशिक गुलामी से मुक्ति दिलाने के नाम पर भारतीय दण्ड संहिता में व्यापक फेरबदल कर दिये गये हैं जिनसे जहां एक तरफ काफी समय तक व्यवहारिक दिक्कतें तो आयेंगी ही, पुलिस दमन की राहें भी खुल जायेंगी। अनेक न्यायविद एवं वकालत के पेशे में रहने वाले भी इस परिवर्तित संहिता से खौफजदा दिख रहे हैं। उनका मानना है कि नये कानून पुलिस के हाथ मजबूत करेंगे और नागरिकों को न्याय मिलने की आशाएं धूमिल हो जायेंगी। न्याय पाना और भी कठिन हो जायेगा, जो पहले से दुरुह है। भारत के सन्दर्भ में पहले ही कहा जाता है कि यहां की न्यायिक प्रक्रिया अपने आप में सजा पाने से कम नहीं है, जिसमें दोषी व निरपराध दोनों एक सरीखे पिसते हैं। सिर्फ पहुंच और पैसा राहत देता है- निर्दोष को भी, अपराधी को भी।

वैसे तो नये कानूनों को लेकर पहली आपत्ति यही की गई है कि अपराधों को दर्ज करने से लेकर मुकदमे चलाने सम्बन्धी धाराओं का अभ्यस्त होने में पुलिस अधिकारियों, वकीलों व जजों को काफी समय लग जायेगा। न सिर्फ समझना, बल्कि उसकी व्याख्या करना व कोर्ट के समक्ष उसे प्रस्तुत करना अपने आप में बड़ी कवायद होगी, जिसका खामियाजा और किसी को नहीं वरन मामले के पक्षकारों को भुगतना होगा। पहले से लाखों की तादाद में न्यायालयों में लम्बित मामलों के ढेर बढ़ते जाने तय हैं। अब तक जिन धाराओं के अंतर्गत विभिन्न अपराधों को परिभाषित किया गया था, वे सभी सम्बन्धित एजेंसियों एवं पेशेवरों की जुबानों पर रटे हुए थे। अब इसके क्रमांक भी बदल दिये गये हैं। अनेक की परिभाषाएं एवं व्याख्याएं भी बदल गई हैं। इनकी सजाओं में भी बदलाव कर दिये गये हैं। पूरे पुलिस विभाग को अपराधों को पंजीबद्ध करने, वकीलों को उन्हें प्रस्तुत एवं न्यायपालिका को उन्हें समझकर न्याय देने में नयी माथापच्ची करनी पड़ेगी।

यह तो रहा नये कानूनों का व्यवहारिक पक्ष, लेकिन जिन इरादों के साथ ये कानून लाये गये हैं और जैसा उनका प्रभाव पड़ने जा रहा है, वह कहीं अधिक भयावह है। उनमें से कुछ का उल्लेख किया जाना समीचीन होगा। पुलिस व न्यायिक अभिरक्षा में आरोपी को रखने की वैध मियाद को 15 दिनों से बढ़ाकर अब 90 दिनों तक कर दिया गया है। यह बतलाने की जरूरत नहीं है कि अपराधी हों या निर्दोष, इन दोनों तरह की कस्टडियां किस तरह सभी के लिये एक जैसी नारकीय हैं। फिर, पुलिस लॉकअप हो अथवा जेलें- दोनों में क्षमता से अधिक आरोपी या सजायाफ्ता रखे जाते हैं। मानव गरिमा के विपरीत परिस्थितियां तो उनमें पहले से मौजूद हैं, इस बात की कल्पना सहज की जा सकती है कि बढ़ी हुई संख्या में वे किस तरह से सलाखों के पीछे दिन काटेंगे। उन्हें जीवनावश्यक सुविधाएं मुहैया कराना भी अपने आप में एक बड़ी चुनौती होगी

'राजद्रोह' शब्द तो नयी न्यायिक संहिता से हटा दिया गया लेकिन बहुत से नये आधार बनाकर लोगों को जेलों में बगैर मुकदमा चलाना आसान तथा जमानत प्रक्रिया को कठिन बना दिया गया है। देश की एकता व अखंडता को नुकसान पहुंचाने वाले कृत्यों के खिलाफ लाये गये कानून अप्रत्यक्ष रूप से सरकार के खिलाफ उठने वाली आवाजों को खामोश करने का बढ़िया जरिया बन जायेंगे। यह धारा लगाने का विवेकाधिकार भी अपेक्षाकृत निचले स्तर के अधिकारी के पास हो गया है। इनमें भी लम्बे समय तक जमानत न मिलने के प्रावधान कर दिये गये हैं। इसका अनुमान लगाना कोई मुश्किल नहीं है कि जिस सरकार ने विपक्षी नेताओं, मानवाधिकार कार्यकताओं, पत्रकारों, लेखकों, बुद्धिजीवियों, ट्रेड यूनियन व किसान संगठनों के नेताओं आदि के खिलाफ पहले से एक अभियान जैसा छेड़ रखा है उसका व्यवहार ये काले कानून हाथ में लग जाने के बाद कैसा होगा। जिस गैरकानूनी गतिविधियां (प्रतिबंध) कानून यानी यूएपीए के चलते न जाने कितने मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवी लम्बे समय से जेलों में सड़ रहे हैं, सरकार के हाथ नये कानूनों से और भी ताकतवर हो जायेंगे। इसके साथ ही यह भी माना जा रहा है कि इसके जरिये परम्परागत प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अतिरिक्त स्वतंत्र मीडिया (सोशल) का गला घोंटना भी आसान हो जायेगा। सरकार विरोधी खबरों, रिपोर्ताज या समीक्षाओं को देश की एकता-अखंडता के लिये खतरा बतलाकर ऐसे पत्रकारों तथा मीडिया संस्थानों को सरकार द्वारा डराना बेहद आसान हो जायेगा।

याद हो कि पिछली लोकसभा के अंतिम दिनों में ये कानून एक सुनियोजित षडयंत्र के अंतर्गत पास कराये गये थे। पहले दोनों सदनों के तकरीबन डेढ़ सौ सांसदों को निलम्बित कराया गया तत्पश्चात केवल सत्ता पक्ष या गिनती के विरोधी दलों के सदस्यों की उपस्थिति में ये कानून पारित किये गये। नोटबन्दी, जीएसटी, कृषि कानून, इलेक्टोरल बॉन्ड्स, पीएम केयर फंड आदि की ही तरह इस पर न तो पर्याप्त चर्चा हुई और न ही न्यायविदों व कानून विशेषज्ञों की राय ली गई। सरकार निश्चित ही जानती रही होगी कि नागरिक स्वतंत्रता के पक्ष में खड़ा कोई भी व्यक्ति इनके खिलाफ होगा।

## नए आपराधिक कानूनों को कांग्रेस ने बताया 'बुलडोजर न्याय' प्रणाली

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 आज से भारत में प्रभावी हो गए हैं. मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने इन कानूनों की निंदा की है.

भारत में इन तीनों नए आपराधिक कानूनों ने ब्रिटिश कालीन कानूनों भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है. तीन नए आपराधिक कानूनों को विपक्ष की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि विपक्ष का आरोप है कि इन्हें संसद में जबरन पारित किया गया था. कांग्रेस नेताओं ने इन कानूनों की निंदा करते हुए इन्हें असंवैधानिक और गैरजरूरी बताया है. सुप्रीम कोर्ट में भी इन तीनों कानूनों के खिलाफ एक जनहित याचिका दायर की गई है.

कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कानून के लागू होने वाले दिन यानी एक जुलाई को एक्स (पहले ट्विटर) पर एक ट्वीट कर इन कानूनों की निंदा की है. खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "चुनाव में राजनीतिक और नैतिक झटके के बाद मोदी जी और भाजपा वाले संविधान का आदर करने का खूब दिखावा कर रहे हैं, पर सच तो ये है कि आज से जो आपराधिक न्याय प्रणाली के तीन कानून लागू हो रहे हैं, वो 146 सांसदों को सस्पेंड कर जबरन पारित किए गए. इंडिया गठबंधन अब ये 'बुलडोजर न्याय' संसदीय प्रणाली नहीं चलने देगा."

वहीं कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि नए कानूनों का बड़ा हिस्सा "कट, कॉपी और पेस्ट" वाला है जिसे कुछ संशोधनों के साथ पूरा किया जा सकता था.

**तीन नए कानूनों पर कांग्रेस ने उठाए सवाल**

चिदंबरम ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने वाले तीन आपराधिक कानून आज से लागू हो गए हैं. तथाकथित नए कानूनों में से 90-99 प्रतिशत कट, कॉपी और पेस्ट का काम है. जो काम मौजूदा तीन कानूनों में कुछ संशोधनों के साथ पूरा किया जा सकता था, उसे एक बेकार की कवायद में बदल दिया गया है."

चिदंबरम ने साथ ही आरोप लगाया कि आपराधिक न्याय प्रणाली में कुछ बदलाव "प्रथम दृष्टया असंवैधानिक" हैं. उन्होंने कहा, "हां, नए कानूनों में कुछ सुधार हुए हैं और हमने उनका स्वागत किया है. उन्हें संशोधन के रूप में पेश किया जा सकता था."

29 जून को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक कार्यक्रम में कहा था कि नए कानून न्याय मुहैया कराने को प्राथमिकता देंगे जबकि अंग्रेजों (देश पर ब्रिटिश शासन) के समय के कानूनों में दंडनीय कार्रवाई को प्राथमिकता दी गई थी. उन्होंने कहा, "इन कानूनों को भारतीयों ने, भारतीयों के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाया गया है और यह औपनिवेशिक काल के न्यायिक कानूनों का खात्मा करते हैं।"

# आखिर मन की बात बे-मन से कब तक ?

**@ राकेश अचल**

भारत का तीसरी बार बैशाखियों के सहारे नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी की एक ही बात मुझे अच्छी लगती है कि वे देश की जनता से भले ही विपक्ष के नेता राहुल गांधी की तरह सड़कें नापकर संवाद न करते हों, लेकिन आकाशवाणी के जरिये देश की जनता से अपने 'मन की बात' जरूर करते हैं।' जो आदमी प्रेस से बात न करता हो, किसानों से बात न करता हो, नौजवानों से बात न करता हो, वो आदमी यदि देश के अवाम से घर बैठे 'मन की बात' करता है तो ये काबिले तारीफ बात है।




प्रधानमंत्री जी पिछले एक दशक से आकाशवाणी के जरिये देश की अवाम से अपने 'मन की बात' कहते है। ये एक तरफा संवाद है और 30 जून 2024 को उन्होंने 111 वीं बार अपने 'मन की बात' की। मन एक तरह से दर्पण होता है। मन के बारे में 1965 में ही साहिर लुधियानवी ने लिख दिया था कि - तोरा मन दर्पण कहलाये । उसे देखना-दिखाना हर आदमी के बूते की बात नहीं है। मोदी जी के सामने समस्या ये थी कि उनके सामने उनके 'मन की बात' सुनने और करने वाला कोई है नही। माँ का स्वर्गवास हो चुका है और पत्नी का वे परित्याग कर चुके है। बाल-बच्चे हैं नहीं। ऐसे में देश ही उनका यानि मोदी परिवार है। संघ परिवार से भी उनका इन दिनों मन मुटाव चल रहा है [दिखावे के लिए ] ऐसे में देश की जनता ही है जो उनके 'मन की बात' सुन सकती है। लेकिन सवाल ये है कि क्या सचमुच मोदी जी अपने 'मन की बात' करते हैं ?

मुझे न जाने क्यों मोदी जी के विरोधियों में शुमार किया जाता है लेकिन आप यकीन मानिये कि मै अपना कीमती [दो कौड़ी कि कीमत वाला ] समय मोदी जी के 'मन की बात' सुनने पर खर्च करता हूँ। उनके अधिकांश 'मन की बात' एपिसोड मैंने सुने हैं। मैंने क्या देश में उनके अधिकांश भक्तों ने सुने है। उन्हें सुनना पड़ती है मोदी जी के 'मन कि बात'। न सुनें तो पार्टी से बाहर कर दिए जायेंगे फौरन। बेचारे भक्त और कार्यकर्ता अपने घर वालों के मन की बात सुनें न सुनें लेकिन मोदी जी 'मन की बात' अवश्य सुनते है। पार्टी कार्यालय में बैठकर सुनते हैं। ड्राइंग रूम में बैठकर सुनते हैं और फिर सबूत के तौर पर अपने फोटो '७' पर, इंस्टाग्राम पर, फेसबुक पर अपलोड भी करते हैं। मजबूरी का नाम महात्मा मोदी जो ठहरा !

मोदी जी के 'मन की बात' लगभग 'राजाज्ञा' की तरह न केवल आकाशवाणी पर बल्कि देश के सभी टीवी चैनलों, सॉशल मीडिया पर भी सुनाई जाता है। मोदी जी चूंकि विश्वगुरु हैं इसलिए इस एपिसोड का विश्व-व्यापी प्रसारण किया जाता है, ये बात और है कि कोई इसे सुने या न सुने। इस सब ठठकर्म पर देश का कितना पैसा खर्च होता है ?

ये न मै आपको बता सकता हूँ और न मुझे किसी ने बताया है। बात मोदी जी के 'मन की बात' की है इसलिए खर्च-सर्च की बात ही बेमानी और राष्ट्रविरोधी है। और आप कम से कम मुझसे तो किसी भी तरह का राष्ट्रविरोधी काम करने कि उम्मीद कर नहीं सकते।

मोदी जी आकशवाणी पर लगभग 20 मिनिट तक अपने 'मन की बात' करते है। आकाशवाणी के नियमों के मुताबिक मोदी जी को इस कार्यकर्म कि रिकार्डिंग के मेहनताने के रूप में कम से एक-डेढ़ हजार रुपए तो मिलना ही चाहिए। मै जब आकाशवाणी में बुलाया जाता था तब मुझे तो कम से कम इतने ही पैसे मिलते थे। लेकिन जब से मोदी जी सत्ता में आये हैं आकाशवाणी ने मुझे काली सूची में दर्ज कर दिया है मै भूल चुका हूँ कि देश में आकशवाणी जैसी कोई संस्था थी भी। वैसे भी आकशवाणी की दशा देश कि अर्थव्यवस्था कि तरह खराब है। आकाशवाणी के पास न स्टाफ है और न पर्याप्त बजट। जो है उससे केवल और केवल प्रधानमंत्री जी के 'मन की बात' कार्यक्रम की रिकार्डिंग और विश्व-व्यापी प्रसारण हो पाता है।

असली सवाल यही है कि पूरे 111 बार देश के समाने 'मन की बात' कर चुके देश ने क्या सचमुच उनके 'मन की बात' गौर से सुनी ? और अगर सुनी तो उन्हें लोकसभा चुनाव में 400 पार क्यों नहीं कराया ? क्यों 303 से लेकर 240 पर ला पटका ? क्यों खुद माननीय प्रधानमंत्री जी की काशी में बहुत कम अंत ॑ की जीत देकर उनकी फजीहत कर दी ? ये सहज सवाल है। इनका सियासत से ,भाजपा या कांग्रेस से कोई लेना-देना नहीं है। इनका सीधा संबंध प्रधानमंत्री जी के 'मन की बात' कार्यक्रम से है। मेरी निजी राय है कि माननीय प्रधानमंत्री जी को अब अपने 'मन की बात' करने के बजाय अपने 'मन की' करना चाहिए। इसे देशज भाषा में 'मनमानी' करना कहते हैं। 'मन की बात' कोई भी मन से नहीं करता। उसे झूठ का सहारा लेना ही पड़ता है। देश-विदेश में जितने भी आत्मकथा लेखक हुए हैं उनमें से अधिकांश सच नहीं लिखते। सच लिखने और बोलने लगें तो उन्हें ईसा-मसीह की तरह सूली पर न लटका दिया जाये !

यदि देश में कोई माननीय मोदी जी का खैर-ख्वाह हो तो उसे फौरन 'मन की बात' कार्यक्रम बंद करा देना चाहिए, क्योंकि इसका कोई हासिल है नही। लोकसभा के चुनाव परिणामों से ये साबित हो चुका है। इससे बेहतर तो प्रधानमंत्री जी का रात 8 बजे अचानक दूरदर्शन पर प्रकट होकर 'राष्ट्र के नाम सम्बोधन' ज्यादा लोकप्रिय था। प्र्धानमंत्री जी ने 'नोटबंदी' से लेकर किसानों के हित में बनाये गए तीन कानूनों की वापसी की घोषणा दूरदर्शन के जरिये ही रात 8 बजे की थी। रात को 8 बजे दूरदर्शन पर दर्शन देकर देश की जनता के बारह बजाए जा सकते हैं। मोदी जी इसी तरह के सन्देश से कोरोना काल में 'ताली' 'थाली' और शंख बजवा ही चुके हैं। ये ताकत आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में नहीं है। इससे अच्छा तो ये है कि प्रधानमंत्री जी देश की संसद में 'प्रश्नकाल' की व्यवस्था समाप्त कराकर 'आधा घंटे का समय प्रधानमंत्री जी के 'मन की बात' के लिए आरक्षित कर दें। इस सत्र में कोई सवाल न करे सिर्फ माननीय के मन की सुने और अनुमान लगाए की वे कब, क्या मनमानी' करने वाले हैं। मन के बारे में मै साहिर लुधियानवी साहब से बेहतर नहीं कह सकत। वे कहते हैं कि -

तोरा मन दर्पण कहलाये
तोरा मन दर्पण कहलाये
भले बुरे सारे कर्मों को, देखे और दिखाये
*
मन ही देवता, मन ही ईश्वर, मन से बड़ा न कोय
मन उजियारा जब जब फैले, जग उजियारा होय
इस उजले दर्पण पे प्राणी, धूल न जमने पाये
*
सुख की कलियाँ, दुख के कांटे, मन सबका आधार
मन से कोई बात छुपे ना, मन के नैन हजार
जग से चाहे भाग लो कोई, मन से भाग न पाये
*
तन की दौलत ढलती छाया मन का धन अनमोल
तन के कारण मन के धन को मत माटी में रौंद
मन की कदर भुलानेवाला वीराँ जनम गवाये
तोरा मन दर्पण कहलाये।

## मोदी 3.0 सरकार 1 जुलाई से पहली अग्निपरीक्षा से गुजरेगी

**- डॉ. ज्ञान पाठक**

मोदी सरकार ने लोकसभा चुनाव 2024 से पहले तीन कानूनों को लागू करने की योजना बनाई थी, लेकिन इस विचार को छोड़ना पड़ा क्योंकि कानूनों ने पूरे देश में कड़ा प्रतिरोध और विरोध ने आकर्षित किया। अधिसूचना के एक सप्ताह बाद ही, देश भर के ट्रक ड्राइवरों ने नये आपराधिक कानूनों के कुछ प्रावधानों के खिलाफ तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल की। पूरे देश को आपूर्ति में अभूतपूर्व व्यवधान का सामना करना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को अपने तीसरे कार्यकाल (मोदी 3.0) में1 जुलाई से पहली अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा। तीन नए आपराधिक कानूनों - भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के क्रियान्वयन की तिथि एक जुलाई से ही निर्धारित की गई है। देश भर में राज्य बार काउंसिल और बार एसोसिएशन सहित समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा इसका कड़ा विरोध किया जा रहा है और भारत की संसद द्वारा व्यापक समीक्षा की मांग की जा रही है, जहां देश के लोगों ने अभी-अभी बहुत मजबूत विपक्ष को चुनावों में जिताकर भेजा है। ये कानून भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (आईईए) की जगह लेंगे। देश भर के राज्यों के बार काउंसिल और बार एसोसिएशनों की ओर से कई ज्ञापन बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को भेजे गए हैं, जिसे बीसीआई ने 26 जुलाई को पारित अपने प्रस्ताव में स्वीकार किया है, जिसमें तीन नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ कड़ा विरोध व्यक्त किया गया है और जब तक इन कानूनों को वापस नहीं लिया जाता या निलंबित नहीं किया जाता, तब तक अनिश्चितकालीन आंदोलन और विरोध प्रदर्शन करने की उनकी मंशा का संकेत दिया गया है, जिसमें भारत की संसद द्वारा व्यापक समीक्षा सहित गहन राष्ट्रव्यापी चर्चा शामिल है। यह याद रखने योग्य है कि मोदी सरकार ने दिसंबर 2023 में आयोजित शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में लगभग पूरे विपक्षी सदस्यों को निलंबित कराकर लोकसभा में तीन आपराधिक कानूनों पर किसी भी सार्थक चर्चा से सफलतापूर्वक परहेज किया था। इन्हें 21 दिसंबर को पारित किया गया, सरकार ने 25 दिसंबर, 2023 को जल्दबाजी में राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त की और उसी दिन अधिसूचित किया। गृह मामलों पर विभागीय संसदीय स्थायी समिति के विपक्षी सदस्यों ने अंतिम रिपोर्ट में अपनी असहमति दर्ज कराई थी, हालांकि, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला द्वारा लगभग पूरे विपक्ष को लोकसभा से निष्कासित करने की कार्रवाई के बाद मोदी सरकार ने भारत की संसद में बहुमत के बल पर इन कानूनों को पारित करवाया था। हाल ही में, विपक्ष ने इन तीनों कानूनों की संसदीय समीक्षा की मांग की है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र भेजकर आग्रह किया है कि केंद्र को इन कानूनों को लागू नहीं करना चाहिए क्योंकि इन्हें अनुचित जल्दबाजी में पारित किया गया था। उन्होंने इनकी व्यापक संसदीय समीक्षा की मांग भी की। हालांकि, पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले केंद्र ने कहा है कि वह 1 जुलाई, 2024 से तीनों आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए पूरी तरह से और व्यापक रूप से तैयार है। अब तक, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने मौजूदा अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम (सीसीटीएनएस) एप्लिकेशन में 23 कार्यात्मक संशोधन किये हैं, जिसके तहत अब देश के हर पुलिस स्टेशन में सभी मामले दर्ज किये जाते हैं। एनसीआरबी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नयी प्रणाली लागू करने में मदद करने के लिए तकनीकी सहायता भी प्रदान कर रहा है, जिसमें आपराधिक न्याय प्रणाली में प्रौद्योगिकी के अधिक उपयोग की परिकल्पना की गई है, जिसके लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) ने तीन ऐप विकसित किए हैं- ई-सक्ष्य, न्यायश्रुति और ई-समन - जो अपराध स्थलों की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी, न्यायिक सुनवाई और इलेक्ट्रॉनिक रूप से अदालती समन की डिलीवरी की सुविधा प्रदान करेंगे।

# भारत में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ताजनक

**- ललित गर्ग -**

भारत में बढ़ती शारीरिक अकर्मण्यता एवं आलसीपन एक समस्या के रूप में सामने आ रहा है, लोगों की सक्रियता एवं क्रियाशीलता में कमी आना एवं वयस्कों में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ता का सबब है। इस दृष्टि से प्रतिष्ठित लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की वह हालिया रिपोर्ट आईना दिखाने वाली है जिसमें पचास फीसदी भारतीयों के शारीरिक श्रम न करने का उल्लेख है। महिलाओं की स्थिति ज्यादा चिंता बढ़ाने वाली है। उनकी निष्क्रियता का प्रतिशत 57 है। वैसे अकेले पुरुषों की निष्क्रियता का प्रतिशत 42 है। इस अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है कि अगर वर्तमान में तेजी से पसर रहा आलसीपन एवं शारीरिक निष्क्रियता इसी तरह जारी रहा तो 2030 तक भारत में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता वाले वयस्कों की संख्या बढ़कर साठ प्रतिशत तक पहुंच जायेगी, जो चिन्ताजनक है।



लैंसेट ग्लोबल हेल्थ रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आधी वयस्क आबादी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शारीरिक गतिविधि संबंधी मानदंडों को पूरा नहीं कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के वयस्कों में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता का पैमाना 2000 में 22.3 फीसदी से बढ़कर 2022 में 49.4 फीसदी हो गई है, साथ ही इसमें बताया गया है कि देश में महिलाएं पुरुषों की तुलना में ज्यादा शारीरिक रूप से ज्यादा निष्क्रिय हुई हैं। इस निष्क्रियता, आलसीपन एवं उदासीनता का कारण बढ़ते उपभोक्तावाद एवं शहरीकरण से उपजी सुविधावादी एवं आरामदायक जीवनशैली है। इसके कारण बीमारियां भी बढ़ रही है। क्योंकि जब व्यक्ति को सुस्त, निढ़ाल एवं निस्तेज देखा जाता है तो इसका सीधा अर्थ यही लगाया जाता है कि शायद उसकी तबीयत ठीक नहीं है। विडम्बना यह भी है कि समय के साथ विस्तृत होने दायरे के बीच ज्यादातर लोगों की व्यस्तता तो बढ़ी है, मगर उनकी शारीरिक सक्रियता, उत्साह एवं जोश में तेजी से कमी आई है, जो नये बनते भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प के सामने एक बड़ी चुनौती है।

भविष्य के भारत को लेकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश की साठ प्रतिशत आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे तो आने वाले वक्त में यहां की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी। जिस देश की अधिकांश आबादी के सामने रोजी-रोटी की समस्या जटिल एवं अहम है, वहां के लोगों को जीवन चलाने के लिये शारीरिक रूप से जरूरत से ज्यादा सक्रिय रहते हुए श्रम करना पड़ता है। इन स्थितियों में बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि भारत में ऐसे हालात कैसे पैदा हो रहे हैं कि यहां इतनी बड़ी आबादी सुस्त एवं आलसी होती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित शोधकताओं का मानना है कि भारत एशिया प्रशांत में उच्च आय वर्ग वाले देशों में निष्क्रियता के क्रम में दूसरे स्थान पर है।

निस्संदेह, लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की हालिया रिपोर्ट आंख खोलने वाली है, रिपोर्ट गंभीर चिन्तन-मंथन की आवश्यकता को भी उजागर कर रही है।। यह जानते हुए भी कि भारत लगातार मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियों में जकड़ता हुआ बीमार राष्ट्र बनता जा रहा है। इन असाध्य बीमारियों का कारण कहीं-न-कहीं श्रम की कमी एवं सुविधावादी जीवनशैली ही है। दरअसल, आजादी के बाद देश में आर्थिक विकास को गति मिली है। अब हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। औसत भारतीय के जीवन स्तर में सुधार जरूर आया है तो आम नागरिक का जीवन सुविधावादी भी बना है। इस संकट की वजह शहरीकरण और जीवन के लिये जरूरी सुविधाओं का घर के आस-पास उपलब्ध हो जाना भी है, आनलाइन प्रचलन भी बड़ा कारण बन रहा है। पहले देश की साठ फीसदी से अधिक आबादी कृषि व उससे जुड़े श्रमसाध्य कार्यों में सक्रिय थी। लेकिन अब मेहनतकश किसान को कोई शारीरिक श्रम करने की जरूरत नहीं पड़ती है, कृषि की ही तरह अन्य श्रम से जुड़े कार्यों में भी मेहनत एवं श्रम पहले ही तुलना में कम करना पड़ता है क्योंकि धीरे-धीरे कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में आधुनिक यंत्रों व तकनीकों ने शारीरिक श्रम की महत्ता को कम किया है। कृषि-क्रांति से बड़ी संख्या में निकले लोगों ने शहरों को अपना ठिकाना बनाया, लेकिन वे शारीरिक सक्रियता को बरकरार नहीं रख पाये। इन स्थितियों ने भी व्यक्ति को आलसी, अकर्मण्य एवं सुस्त बनाया है। इस शारीरिक निष्क्रियता के मूल में भारतीय पारिवारिक संरचना व सांस्कृतिक कारण भी हैं। घर-परिवार संभालने वाली महिलाओं में भी बढ़ते सुविधा के साधनों के कारण श्रमशीलता कम हुई है। कुछ दूर पर सब्जी-फल लेने जाने पर भी हम वाहनों का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा भी नहीं है कि शहरों में स्वास्थ्य चेतना का विकास नहीं हुआ, लेकिन इसके बावजूद शहरों के पार्कों में सुबह गिने-चुने लोग ही नजर आते हैं। व्यक्तियों में प्रातः भ्रमण, योग, ध्यान, व्यायाम की गतिविधियों में भी कमी देखने को मिल रही है।

इस जटिल से जटिलतर होती समस्या से मुक्ति के लिये हर व्यक्ति को जागरूक होना होगा। खुद को छोटी-मोटी असुविधाओं के लिए तैयार करना होगा। कभी-कभार थोड़ा कम नींद लेने, कम खाने या फिर ज्यादा देर काम कर लेने की मानसिकता को बल देना होगा। जरा सी चुनौती सामने आने पर बेचैन न हों, उसे नया सीखने के मौके व नए अनुभव के रूप में देखना होगा।

# बोले कमिश्नरः ज्यादा गांवों में पहुंचायें पानी

## कमिश्नर ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम मंडल बांदा आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर की मौजूदगी में नमामि गंगे योजना के तहत लोधौरा बुजुर्ग में एलटी व जीवीपीआर के कार्यों की समीक्षा हुई।

सोमवार को लोनिवि निरीक्षण भवन में समीक्षा बैठक में एक्सईएन जल निगम ने कमिश्नर को बताया कि सवेरे 6 से 8 बजे तक व शाम को 4 से 6 बजे तक पानी देने का समय निर्धारित है। कमिश्नर ने कहा कि स्कूलों व गांव में समय से पानी पहुंचे। निर्देश दिये कि प्रधान से क्रास चेकिंग कराते रहें। ओवर टैंक बाबत जानकारी ली। निर्देश दिये कि जो टैंक अधूरा है, जल्द पूरा कराकर घर-घर पानी भेजें। किसी प्रकार की शिकायत नहीं होनी चाहिए। कमिश्नर ने कहा कि चांदी बांगर में 57 ओएसटी बन गये हैं, पानी आपूर्ति करायें। जो शेष हैं, उसमें मैन पावर बढ़ाकर कार्य करें, तभी कार्य पूरे होंगे। ये शासन का प्रमुख कार्य है, इसे जल्द पूरा करायें। कार्यदाई संस्थाओं को निर्देश दिये कि अधूरी पाइपलाइन को जल्द पूरा करायें। एक्सईएन जल निगम ने बताया कि चांदी बांगर परियोजना से 173 गांव में पानी देना था, 60 गांव को पानी दिया जा रहा है। मंडलायुक्त ने कहा कि ये कम है, निर्देश दिये कि 15 गांव एक सप्ताह लक्ष्य में रखें, तभी पूरा हो पायेगा।



बैठक में निर्देश देते कमिश्नर।

जहां पानी नियमित दिया जा रहा है, सर्टिफिकेट कम है, प्रगति करायें। जिलाधिकारी ने सीडीओ को निर्देश दिये कि बीडीओ को सक्रिय करें, ताकि प्रगति हो सके। मंडलायुक्त ने कहा कि गांवों में ग्रामीणों के बीच डीएम, सीडीओ, जनप्रतिनिधियों, विधायकों के साथ जाकर जल जीवन मिशन के तहत जागरूकता करें।

कमिश्नर ने एक्सईएन जल निगम को निर्देश दिये कि पानी की टेस्टिंग भी करते रहें। ग्रामीणों को बतायें कि पानी को स्वच्छ रखने को क्लोरीन मिलाई जा रही है। कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये कि शासन से कोई समस्या हो तो बतायें। जो कार्य हो रहे हैं, शासन की मंशानुसार करायें। गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। बैठक में एडीएम नमामि गंगे श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव, एक्सईएन जल निगम आशीष भारती समेत कार्यदायी संस्था व सहायक अभियंता मौजूद रहे।

# पिकअप से 35 झाल तेंदूपत्ता समेत दो दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर विनोद कुमार शुक्ला की टीम ने मुखबिर की सूचना पर महिन्द्रा पिकअप यूपी96टी- 5901 पर अवैध तेंदूपत्ता लादकर ले लाते दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

सोमवार को मानिकपुर पुलिस ने अशोक कुमार पुत्र रामप्रसाद यादव बेलहाई थाना बहिलपुरवा व रामलखन पटेल पुत्र संतोष कुमार रैपुरा को दबोचकर 35 झाल तेंदूपत्ता पिकअप वाहन समेत बरामद किया। इसकी कीमत एक लाख 25 हजार आंकी गई है।




तेंदूपत्ता चोरी के आरोपी।

आरोपियों पर भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत चोरी-माल बरामद का मामला दर्ज किया। पिकअप वाहन को सीज किया। टीम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर विनोद कुमार शुक्ला, सिपाही अंकित राजपूत व प्रभात कुमार दुबे शामिल रहे।

## पौने दो किलो गांजा समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय की टीम ने मुन्ना निषाद पुत्र रामभवन लोहरा के कब्जे से एक किलो 967 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय, सिपाही अतुल मिश्रा, दिनेश कुमार व ललित सोनी शामिल रहे।

## 18 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी ने अनिल जोशी पुत्र रामहित जोशी काली मंदिर सीतापुर को 18 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी व सिपाही अभिषेक प्रताप सिंह शामिल रहे।

# पुलिस कर्मियों-जनता को दी नये कानूनों की जानकारी, नये कानूनों से जनता को मिलेगा लाभ

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के आदेश पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना पहाड़ी में प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह ने भारत सरकार के लागू तीन नये कानून की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह ने कहा कि अब नये कानून लागू होने से गैंगरेप मामले में आरोपी को बीस साल की सजा या आजीवन कारावास मिलेगा।

सोमवार को थाने में हुई बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि नये कानून लागू होने से मुकदमा दर्ज होने के तीन वर्ष के अंदर पीड़ित को न्याय मिल सकेगा। यौन उत्पीडन मामले में सात दिन में जांच पूरी



थाने में नये कानूनों की जानकारी देती थानाध्यक्ष।

करनी होगी। अन्य लागू धाराओं बाबत जानकारी दी। उन्होंने तीनों कानून बाबत पुस्तक-पम्पलेट मौजूद ग्रामीणों को बांटा। शासकीय अधिवक्ता सुशील सिंह रघुवंशी ने कहा कि कानूनों की बेहतर जानकारी को बारीकी से अध्ययन जरूरी है। नये कानून को लेकर जनता में फैली भ्रांतियां दूर करने व जागरूकता पर जोर दिया। बदलते परिवेश में नये कानून जनता के लिए हितकर होंगे। अंग्रेजों ने पहले आईपीसी लागू की थी। भारत सरकार ने अब भारतीय न्याय संहिता कर दिया है, ताकि सभी को न्याय मिल सके। बड़ी बात ये है कि पीड़ित घर बैठे 72 घंटे के भीतर आनलाइन रिपोर्ट दर्ज करा सकता है। कहीं से भी जीरो अपराध पर मामला दर्ज करा सकते हैं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील कुमार द्विवेदी, डिस्टिक कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा नेता सुनील सिंह पटेल, क्षेत्र पंचायत सदस्य सत्यप्रकाश सिंह, भाजपा नेता सुरेश अनुरागी, प्रधान सिकरी सानी गीताराम, थाना पहाड़ी के दरोगा मनीष कुमार, दरोगा विपिन कुमार मिश्र, अवधनारायण विश्वकर्मा, सुरेश सिंह, परशुराम यादव, किशन कुमार, दीवान प्रेमनारायण, अखिलेश यादव, शेष नारायण, सुनील कुमार व क्षेत्र के सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे। संचालन दरोगा विपिन कुमार मिश्र ने किया। प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह ने सम्भ्रांत नागरिकों का आभार जताया।

## लायर्स यूनियन ने काली पट्टी बांध नये कानून का किया विरोध

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आल इंडिया लायर्स यूनियन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। आल इंडिया लायर्स यूनियन राज्य कार्यकारिणी सदस्य रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने नये कानूनों को जनविरोधी व संविधान विरोधी करार दिया। सोमवार को आल इंडिया लायर्स यूनियन के राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने कहा कि नये कानून अस्पष्ट हैं। जमानत विरोधी हैं। पुलिस को व्यापक शक्तियां प्रदान करते हैं। यहां तक कि गिरफ्तारी दौरान हथकड़ी फिर से लगाने जैसे बिंदुओं पर अमानवीय भी हैं। नये कानून की कुछ धारायें ऐसी हैं, जिनसे आने वाले समय में समस्यायें पैदा हो सकती हैं। उन्होंने डीडब्ल्यू से कहा कि इन कानूनों की वजह से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर आम लोगों को परेशानी हो सकती है। इतने पुराने कानून को बदलने जा रहे हैं, कानून की कई धारायें ऐसी हैं, जो अब गैरजरूरी हो चुकी हैं। उन्हें दोबारा से देखा जाना चाहिए था। नये अपराध साइबर अपराध बाबत ज्यादा ध्यान देना चाहिए। क्योंकि साइबर अपराध बडे पैमाने पर हो रहे हैं। आम लोग पीड़ित हैं। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर नये कानूनों का विरोध जताया। इस मौके पर अधिवक्ता केके पांडे, सुशील सिंह, शारदा प्रसाद यादव, ननकूराम यादव, लवलेश, राजकुमार यादव, योगेन्द्र कुमार, जानकी, सालिकराम, शिवमोहन यादव, दुर्विजय सिंह, विनोद पाल, शशिभूषण पाल, शिव नरेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचारी बीएसए भेजे गये डायट

## जीरो टॉलरेंस का माखौल उडा सरकार की छवि कर रहे थे धूमिल, भ्रष्टाचार की होगी जांच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि जीरो टालरेंस का माखौल उडाकर सरकार की छवि धूमिल करने वाले बीएसए लवप्रकाश यादव को डायट भेज दिया गया है। दो वर्ष पहले एक जुलाई 2022 को जिले में पहली बार जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बने युवा अधिकारी लव प्रकाश यादव के कार्यभार ग्रहण करने पर शिक्षकों व संगठन से औपचारिक भेंट में मीठी- मीठी आदर्श युक्त नैतिकता व मानवमूल्य बाबत बातें सुनकर लगा था कि जिले में शिक्षकों की समस्याओं का निदान होगा। ये नहीं पता था कि मीठी बातों की आड में भ्रष्टाचार का दानव छिपा है। सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक समस्या विहीन होगा तो जिले की शैक्षिक दशा में सुधार होगा। बीएसए लव प्रकाश यादव ने शासनादेश का उल्लंघन कर नियम विरुद्ध कार्यवाही कर शिक्षकों का शोषण-उत्पीड़न कर भ्रष्टाचार की नई इबारत लिखकर सरकार की छवि धूमिल करने में कोई कसर नहीं रखी। उन्होंने बिना पैसे के कोई काम नहीं किया। जिन शिक्षकों ने निर्धारित सुविधा शुल्क दे दिया, उनके आवेदन निस्तारित हो गये। जिन शिक्षकों ने सुविधा शुल्क नहीं दिया, उनके बार-बार आवेदन के बाद भी दो



शिक्षक नेता अखिलेश पाण्डेय।

साल तक निस्तारित नहीं किये।

पाण्डेय ने कहा कि तमाम शिक्षकों को दो वर्ष पहले चयन वेतनमान देय था। उन शिक्षकों ने दो वर्ष पहले पत्रावली जमा की थी, पैसा न देने से आज तक चयन वेतनमान मंजूर नहीं किया। शिक्षक लगातार कार्यालय के चक्कर लगाते रहे। मानसिक शोषण-उत्पीड़न झेलते रहे। विद्यालयों मे बिना मानक के घटिया-गुणवत्ताविहीन फर्नीचर की आपूर्ति बीएसए ने कराई।

भवन निर्माण में 15 फीसदी कमीशन लेकर घटिया-मानकविहीन कार्य कराया। कुछ शिक्षकों को सेवा समाप्त करने की धमकी व फर्जी नोटिस देकर दस लाख रुपये तक मांगे गये। बीएसए कार्यालय आने वाले शिक्षकों व निरीक्षण में विद्यालय जाने पर अभद्रता की जाती थी। यहां तक कि खण्ड शिक्षाधिकारियों ने बताया कि बैठक में उनके साथ भी अभद्रता कर शोषण किया जाता है। बीएसए महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेशों की अवहेलना कर रहे थे। शोषण-भ्रष्टाचार की शिकायत संगठन ने की थी। विधायक मानिकपुर व राज्यमंत्री जलशक्ति मंत्री ने भी शिकायत की थी। जांच में बीएसए का फंसना तय है। जांच अधिकारी के समक्ष संगठन सभी आरोपों पर प्रमाण समेत पक्ष रखेगा। उन्होंने शिक्षकों से अनुरोध किया कि समय से विद्यालय में विभागीय निर्देशानुसार शिक्षण कार्य करें, ताकि नवागंतुक बीएसए के समक्ष सकारात्मक प्रभाव पडे। शिक्षकों के नियम संगत आवेदनों का समय से निस्तारण हो सके।

## डीएम ने छात्र-छात्राओं को फूल देकर पढने को किया प्रेरित, विद्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नव प्रवेश उत्सव पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय सोनारन पुरवा शिवरामपुर में छात्र-छात्राओं को फूल, चॉकलेट, फल आदि बांटे। उन्होंने छात्र-छात्राओं का उत्साह बढाते हुए कहा कि खाते में मुख्यमंत्री डीबीटी से पैसा भेज देते हैं। उस पैसे से जूता, मोजा, बैग, ड्रेस खरीदकर प्रतिदिन ड्रेस में स्कूल आयें।

सोमवारको डीएम ने कहा कि प्रतिदिन स्कूल आकर पढ़ाई कर आगे बढ़े। खंड शिक्षाधिकारी को निर्देश दिये कि जिले में 1261 प्राथमिक विद्यालय हैं। सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत हाजिरी तय करायें। मौजूद शिक्षकों से कहा कि अभिभावकों की बैठक करायें, ताकि अधिक से अधिक



छात्र-छात्राओं को फूल देते डीएम।

बच्चे प्रवेश ले सकें। जिलाधिकारी ने हैंडवॉश, शौचालय, किचन, पुस्तकालय का निरीक्षण कर कहा कि शौचालय की साफ-सफाई रहनी चाहिए। मेन्यू के हिसाब से छात्र-छात्राओं को भोजन दिया जाए। खंड शिक्षाधिकारी अतुल दत्त तिवारी ने बताया कि बारह छात्र-छात्राओं का आज प्रवेश हुआ है। इस मौके पर खंड शिक्षाधिकारी अतुल दत्त तिवारी, प्रधानाध्यापक लवकेश कुमार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



विशेष संचारी रोग को हरीझंडी दिखाते कमिश्नर आदि।

# कमिश्नर की संचारी रोगों की रोकथाम को पहल

## एक से तीस जुलाई तक चलेगा अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का शुभारम्भ मंडलायुक्त चित्रकूटधाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की मौजूदगी में संचारी रोग व दस्तक अभियान रोकथाम व बचाव को जागरूकता रैली को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।सोमवार को विशेष संचारी रोग व दस्तक अभियान के दूसरे चरण एक जुलाई से 30 जुलाई तक चलना है। विभिन्न विभाग आपसी तालमेल से वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम को विभिन्न गतिविधियां झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, जन जागरूकता आदि करेंगे। सभी विभागों ने तालमेल से शासन की गाइडलाइन अनुसार कार्य व दायित्व निभायेंगे। दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा। आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां घर-घर जाकर बुखार के रोगियों, क्षयरोग के लक्षण वाले लोगों, कुपोषित बच्चों आदि की जानकारियां एकत्र करेंगी। दस्तक अभियान में घर-घर भ्रमण दौरान आशा कार्यकत्रियां घर के प्रत्येक सदस्य की आभा आईडी बनाने का कार्य व डायरिया रोग के संचरण के मद्देनजर लक्षण युक्त लोगों को ओआरएस व क्लोरीन की गोलियां बांटेंगी। इस मौके पर एसडीएम सदर सौरभ यादव, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, एसीएमओ वेक्टरबॉर्न डॉ गंगाराम रतमेले, जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह, सहायक मलेरिया अधिकारी आरके सिंह, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक रोहित व्यास, मलेरिया निरीक्षक प्रगति चंदेल, ज्योति सिंह, जयशंकर गुप्ता, जिला मलेरिया कार्यालय टीम, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सहयोगी संस्था यूनिसेफ के डीएमसी दिलीप द्विवेदी व डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# जिले में धूमधाम से मना अखिलेश यादव का 51वां जन्मदिन

## अनुज ने लगाया नीम का पौधा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य/पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर नीम का पौधा लगाकर उनके दीर्घायु व स्वस्थ्य होने की कामना की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है कि अखिलेश यादव निरंतर आगे बढते रहें। सामाजिक न्याय के प्रहरी के बतौर चमकते रहें।



अखिलेश यादव के जन्मदिन मनाते सपाई।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा मुखिया/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव व पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल की अगुवाई में सपाइयों ने जिला कार्यालय में धूमधाम से मनाया। सपाइयों ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल-बिस्किट बांटकर अखिलेश के दीर्घायु की कामना की।

सोमवार को सपा जिला कार्यालय में सपाइयों के बीच अखिलेश यादव के चित्र पर हल्दी-चंदन का तिलक किया। 51 किलो का केक काटकर जन्मदिन मनाया। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जागेश्वर यादव व रामसनेही निषाद ने गीतों से बधाई पेश की। जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने सपाइयों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मोत्सव पीडीए पेड़ लगाओ- पखवारा मनाया जायेगा। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने गांव में नीम, पीपल, बरगद के पौधे लगाकर तैयार करने का काम करेंगे। पार्टी के सभी नेता एक सप्ताह तक गांव-गांव पीडीए पौधे लगाने का काम करेंगे।

बस स्टैंड में सपा नेता सूरज सिंह पटेल ने लोगों को हलुआ बांटकर अखिलेश के दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर सपा नेता निर्भय सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, सचिन रस्तोगी, मो गुलाब खां, सीताराम कश्यप, सियाराम गुप्ता, उमाकांत यादव, जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल, कोषाध्यक्ष राजा यादव, शीलू यादव, हरी यादव, महिला सभा जिलाध्यक्ष श्रीमती रमा यादव, अंजू सोनी, शची गुप्ता, बाबा साहब वाहिनी राष्ट्रीय सचिव मानसिंह पटेल, लवलेश यादव, फूलचंद्र यादव, सुरेंद्र खंगार, राधेश्याम निषाद, चंदन कोटार्य, अरुण यादव, मंगल यादव, राजकिशोर विश्वकर्मा, बबूलेश यादव, अमर पटेल, निजाम सिद्दीकी, अजय यादव, मनफूल पटेल, पंकज पटेल, धनंजय पटेल, राजा साहू, रामनरेश अग्रहरी, समीर विश्वकर्मा, कृतकेश्वर मिश्रा, पप्पू जायसवाल, गोपीचंद्र यादव, रामसुमेर खंगार, हीरालाल पटेल, संतोष कोटार्य आदि मौजूद रहे।

## सिद्धार्थ ने अस्पताल में बांटे फल

**चित्रकूट।** सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश सचिव/पूर्व जिला पंचायत सदस्य सिद्धार्थ पाण्डेय ने राष्ट्रीय अध्यक्ष/ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल बांटे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की लम्बी उम्र की कामना की। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का जन्मदिन एक पखवारे तक मनाया जायेगा। इस दौरान गांवों में विभिन्न छायादार पेड लगाये जायेंगे।

# एक पेड़ मां के नाम लगाओ अभियान शुरू

## डॉ मुखर्जी का जीवन समर्पण-निष्ठा-राष्ट्रीय प्रेम से था भराः आरके सिंह पटेल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा पुरोधा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की याद में भाजपा 23 जून से डॉ मुखर्जी के बलिदान दिवस से छह जुलाई तक विशेष पखवाड़ा अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कर रही है। चित्रकूट विधानसभा के बालापुर गांव में पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने वृक्षारोपण अभियान



डॉ मुखर्जी की याद में पेड लगाओ अभियान चलाते पूर्व सांसद आदि।

की शुरुआत की।

सोमवार को पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने बताया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता-पदाधिकारी ग्रामीणों के साथ मिलकर उन्हें प्रोत्साहित करने के साथ एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाने का संकल्प लेंगे। ये अभियान प्रकृति परिवर्तन व भीषण गर्मी को देखते हुए कारगर साबित होगा। प्राकृतिक आपदाओं से बचने को वृक्ष बहुत जरूरी हैं। पटेल ने जनता से अपील किया कि अभियान का हिस्सा बनें। अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाकर तैयार कर बड़ा करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को भीषण गर्मी का सामना न करना पड़े।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, डिस्टिक कोऑपरेटिव अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, उप प्रभागीय वनाधिकारी राजीव रंजन सिंह, रेंजर नफीस खान, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, राजकुमार त्रिपाठी, शिवाकांत पाण्डेय समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

## पाकिस्तान: सिंध प्रांत में सड़क हादसे में सात की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक तेज रफ्तार वाहन के एक ट्रेलर ट्रक से टकराकर पलट जाने से चार बच्चों सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना प्रांतीय राजधानी कराची में उस समय हुई जब ट्रेलर ट्रक ने यू-टर्न लिया और पीछे से आ रही मिनी बस उससे टकराकर पलट गयी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों में एक ही परिवार के चार बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं। वे सभी हॉक्सबे समुद्र तट पर घूमने गए थे। उन्होंने बताया, जिस बस में वे यात्रा कर रहे थे वह ट्रेलर से टकराने के बाद पलट गयी। वहीं, इस दुर्घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। मौरीपुर के थाना प्रभारी चौधरी तुफैल ने बताया कि इस घटना में अन्य छह लोग भी घायल हुए हैं और उनमें दो बच्चे शामिल हैं। आपातकालीन प्रतिक्रिया दल ने घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की। मृतकों के शवों को आगे की कानूनी प्रक्रियाओं के लिए सिविल अस्पताल कराची (सीएचके) में स्थानांतरित कर दिया गया है। सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने इस घटना में मारे गए लोगों के प्रति दुख जताया। एक बयान में उन्होंने सीएचके, जिन्ना पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सेंटर और एसएमबी इंस्टिट्यूट ऑफ ट्रॉमा के प्रशासन को घायल यात्रियों को उचित इलाज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने सिंध के महानिरीक्षक गुलाम नबी मेमन को इस घटना के संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने पुलिस को ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने का आदेश दिया है।

## अफगानिस्तान से सीमा पर आंतकी हमलों से बौखलाया पाकिस्तान, कार्रवाई न करने पर तालिबान को कोसा

**इस्लामाबाद:** दुनिया को आतंकवाद की आग में झोंकने वाला आज खुद इसमें झुलस रहा है । अफगानिस्तान सीमा के पास से बढ़ रहे आतंकी हमलों से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और आंतकियों के खिलाफ कार्रवाई न करने पर तालिबान को कोस रहा है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इस्लामाबाद के बार-बार के अनुरोध के बावजूद पाकिस्तान- अफगानिस्तान आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई न करने के लिए काबुल की अफगान तालिबान सरकार की आलोचना की। आसिफ ने शनिवार को एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि में आतंकवादियों पाकिस्तान ने पश्चिमी सीमा की ओर भेजने के लिए 10 अरब रुपए की पेशकश भी की है। आसिफ के हवाले से कहा, "पाकिस्तान को अफगान सरकार से सहयोग की उम्मीद थी लेकिन वह आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई को
करने के लिए तैयार नहीं है।' 10 अरब रुपये की पेशकश भी की पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की थी लेकिन उसे आशंका है कि अंतरिम सरकार से बार-बार यह अनुरोध किया है कि वह तहरीक-ए- तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) तथा अन्य आतंकवादी समूहों को अपनी जमीन का इस्तेमाल न करने दे हालांकि, काबुल पाकिस्तान के इस दावे को खारिज करता रहा है। आसिफ ने कहा कि सरकार ने आतंकवादियों को पश्चिमी सीमा के इलाकों में स्थानांतरित करने के लिए।
आतंकवादी वहां से भी पाकिस्तानी सीमा की ओर लौट सकते हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह ह्यवॉयस ऑफ अमेरिका' को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि पाकिस्तान 'ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेकाम' के तहत अफगानिस्तान में सीमा पर आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बना सकता है। उन्होंने टीटीपी के साथ बातचीत की संभावनाओं को भी खारिज किया।

## उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया: द. कोरिया

**सियोल:** दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उत्तर कोरिया ने सोमवार को अपने पूर्वी तट से एक बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया. यह प्रक्षेपण ऐसे समय में किया गया है जब एक दिन पहले उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया और जापान के साथ अमेरिका के नए सैन्य अभ्यास का विरोध करते हुए आक्रामक और भारी प्रतिक्रिया की धमकी दी थी.
संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि यह प्रक्षेपण सोमवार सुबह किया गया, लेकिन उन्होंने इस बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी कि हथियार कितनी दूरी तक गया. यह प्रक्षेपण दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान द्वारा अपने नए बहुक्षेत्रीय त्रिपक्षीय अभ्यास समाप्त होने के दो दिन बाद हुआ. फ्रीडम एज ड्रिल में तीनों देशों के एक अमेरिकी विमानवाहक पोत और विध्वंसक, लड़ाकू जेट और हेलीकॉप्टर शामिल हुए. तीनों देशों ने मिसाइल रक्षा, पनडुब्बी रोधी और समुद्री हमलों से बचने के उपाय का अभ्यास का किया। रविवार को उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने एक लंबा बयान जारी कर अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान की तीन-तरफा ड्रिल की कड़ी निंदा की. इसने ड्रिल को नाटो का एशियाई संस्करण बताया जो कोरियाई प्रायद्वीप पर सुरक्षा वातावरण को खुलेआम नष्ट करता है और इसमें रूस पर दबाव डालने और चीन की घेराबंदी करने की अमेरिका की मंशा शामिल है। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह आक्रामक और कठोर जवाबी कार्रवाई के माध्यम से क्षेत्र में संप्रभुता, सुरक्षा और राज्य के हितों तथा शांति की दृढ़ता से रक्षा करेगा. सोमवार को किया गया प्रक्षेपण पिछले पांच दिनों में उत्तर कोरिया का पहला हथियार परीक्षण था. पिछले बुधवार को उत्तर कोरिया ने मल्टीवारहेड मिसाइल का प्रक्षेपण किया था. ये अमेरिका और दक्षिण कोरिया की मिसाइल सुरक्षा को ध्वस्त करने के लिए विकसित, उन्नत हथियार का पहला ज्ञात प्रक्षेपण था. उत्तर कोरिया ने कहा कि प्रक्षेपण सफल रहा, लेकिन दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया के दावे को झूठा बताया. उसने कहा कि प्रक्षेपण विफल रहा. हाल के सप्ताहों में उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया की ओर अनेक कचरा ले जाने वाले गुब्बारे उड़ाए हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# सुप्रीम कोर्ट से डोनाल्ड ट्रंप को मिली बड़ी राहत, राष्ट्रपति चुनाव में अपनी हार को पलटने की रची थी साजिश?




**न्यूयॉर्क:** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को फैसला सुनाया कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में की गई कार्रवाइयों के लिए आपराधिक अभियोजन से सीमित छूट प्राप्त कर सकते हैं. सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, इस फैसले से उनके खिलाफ चुनाव में गड़बड़ी के संघीय आरोपों के संबंध में चल रही सुनवाई में और देरी होने की उम्मीद है. इससे यह संभावना समाप्त हो गई कि पूर्व राष्ट्रपति पर नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले मुकदमा चलाया जा सकता है. डोनाल्ड ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में अपनी हार को पलटने की साजिश रची थी.
इस मामले को इस साल के सबसे महत्वपूर्ण मामलों में से एक माना जा रहा है, जिसने संघीय अपील अदालत के फरवरी के फैसले को पलट दिया. जिसने 2020 के चुनाव परिणामों को पलटने के उद्देश्य से कथित अपराधों के लिए ट्रम्प को इम्युनिटी से वंचित कर दिया था। जजों ने 6-3 के ऐतिहासिक फैसले में पहली बार कहा कि पूर्व राष्ट्रपतियों को उनके आधिकारिक कृत्यों के लिए मुकदमे से पूर्ण छूट है. लेकिन अनाधिकारिक कृत्यों के लिए कोई छूट नहीं है. हालांकि, जजों ने निचली अदालत को आदेश दिया कि वे यह तय करे कि ट्रंप के मामले में निर्णय को कैसे लागू किया जाए. वहींपूर्व राष्ट्रपति ने कुछ भी गलत करने से इनकार किया है. उनका दावा है कि, यह अभियोजन और 3 अन्य मामले उन्हें व्हाइट हाउस में वापस आने से रोकने के लिए राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं। CNN की रिपोर्ट के अनुसार ,मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने कहा कि, वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि अलग-अलग शक्तियों के संवैधानिक ढांचे के तहत, राष्ट्रपति की शक्ति की प्रकृति के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति को अपने कार्यकाल के दौरान आधिकारिक कृत्यों के लिए आपराधिक अभियोजन से कुछ छूट मिलनी चाहिए. कम से कम राष्ट्रपति द्वारा अपनी मूल संवैधानिक शक्तियों के प्रयोग के संबंध में, यह छूट पूर्ण होनी चाहिए. रॉबर्ट्स ने अपनी राय में कहा, 'राष्ट्रपति को अपने अनौपचारिक कृत्यों के लिए कोई छूट नहीं मिलती है, और राष्ट्रपति द्वारा किया गया हर काम आधिकारिक नहीं होता है. राष्ट्रपति कानून से ऊपर नहीं हैं.' रॉबर्ट्स के साथ जहां पांच कंजर्वेटिव जज शामिल थे।

## फ्रांस के पहले दौर के चुनावों में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पिछड़े, धुर दक्षिणपंथी पार्टी की धमाकेदार जीत



**पेरिसः** फ्रांस के पहले दौर के चुनावों में धुर दक्षिणपंथी मरीन ले पेन की पार्टी को धमाकेदार जीत मिली है. फ्रांस में सोमवार को वोटिंग के रिजल्ट जारी किए गए. परिणाम के मुताबिक, दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली ने इमैनुएल मैक्रों क१ रेनेसां पार्टी को पहले दौर में पछाड़ दिया है. इसी के साथ राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की विदाई तय मानी जा रही है. हालांकि, पहले दौर में पिछड़ने के बाद भी मैक्रों ने 2027 में होने वाले अगले राष्ट्रपति चुनाव तक सेवा करने की प्रतिबद्धता जताई है।

**फ्रांस की मरीन ले पेन की धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली मैक्रों से आगे**

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, शुरूआती अनुमान में फ्रांस की मरीन ले पेन की धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली (आरएन) पार्टी ने फ्रांसीसी संसदीय चुनावों के पहले दौर में बढ़त ले ली है, जिससे राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पार्टी तीसरे स्थान पर आ गई है. आईपीएसओएस के शुरूआती अनुमानों के अनुसार नेशनल रैली (आरएन) के नेतृत्व वाला धुर दक्षिणपंथी गठबंधन 34 फीसदी वोट के साथ पहले स्थान पर है, जबकि वामपंथी गठबंधन 28.1 फीसदी वोट के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि मैक्रां की रेनेसां पार्टी 20.3 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है और पीछे चल रही है.

**दूसरे दौर में क्या होगा**

जैसा कि सीएनएन ने बताया है, अनुमानों से पता चला है कि अगले रविवार को दूसरे दौर के मतदान के बाद, आरएन 577 सीटों वाली नेशनल असेंबली में 230 से 280 सीटों के बीच जीत हासिल करेगी, जो पूर्ण बहुमत के लिए आवश्यक 289 से कम है. वामपंथी गठबंधन, हाल ही में बने न्यू पॉपुलर फ्रंट (एनएफपी) के पास 125 से 165 सीटें होंगी, जबकि मैक्रों की पार्टी और उसके सहयोगियों के पास 70 से 100 के बीच सीटें हो सकती हैं. नेशनल असेंबली में बहुमत के लिए किसी भी पार्टी को 289 सीटें जीतना जरूरी है.

**पहले दौर के चुनाव परिणाम में पिछड़े मैक्रों**

इस अनुमान का अर्थ यह है कि आरएन, जिससे ली पेन ने अपने पिता जीन-मैरी ली पेन के दशकों के नेतृत्व में पनपे नस्लवाद और यहूदी-विरोधी भावना को समाप्त करने का प्रयास किया है, अगले रविवार को होने वाले दूसरे दौर के मतदान से पहले पहले की तुलना में सत्ता के अधिक निकट पहुंच गई हैं. वहीं मौजूदा राष्ट्रपति मैक्रों पहले दौर में पिछड़ गए हैं.

**मरीन ले पेन की पार्टी ने जश्न मनाया**

इसके अलावा, सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, पहले दौर के वोटिंग रिजल्ट के बाद उत्तरी शहर हेनिन ब्यूमोंट में आरएन पार्टी ने जश्न मनाया. सीएनएन के मुताबिक, पहले दौर के परिणाम सामने आने के बाद मैक्रों ने 2027 में होने वाले अगले राष्ट्रपति चुनाव तक सेवा करने की प्रतिबद्धता जताई है. बता दें कि, चुनावी प्रक्रिया में दो दौर शामिल हैं. वर्तमान पहला दौर, जिसमें क्षेत्र सीमित हो जाता है।

# फ्रांस चुनाव: पहले दौर में दक्षिणपंथी पेन की जीत के बाद लेफ्ट फ्रंट मोर्चा बनाने में जुटा



**पेरिसः** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पहले दौरे के संसदीय चुनाव में हार गए हैं. वहीं, मरीन ले पेन की दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली (फठ) ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है. लेकिन फ्रांस की राजनीतिक पार्टियां मरीन पेन को सत्ता में आने से रोकने के लिए संयुक्त मोर्चा बनाने में जुट गई हैं. आरएन और उसके सहयोगी दलों ने पहले दौर के चुनाव में 33 प्रतिशत वोट के साथ जीत हासिल की है, जबकि वामपंथी गुट को 28 प्रतिशत वोट मिले हैं. राष्ट्रपति मैक्रों के नेतृत्व वाली पार्टी को केवल 20 प्रतिशत वोट मिले। राष्ट्रपति मैक्रों के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा है. मैक्रों ने पिछले महीने यूरोपीय संसद चुनाव में उनके नेतृत्व वाले मध्यमार्गी गठबंधन की हार के बाद अचानक संसदीय चुनाव की घोषणा की थी, क्योंकि उनपर नैतिक दबाव था। हालांकि, अप्रवासी विरोधी, यूरोसेप्टिक आरएन पार्टी सरकार बना पाएगी या नहीं, यह अब इस बात पर निर्भर करेगा कि फ्रांस में सैकड़ों निर्वाचन क्षेत्रों में प्रमुख प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवारों के लिए रैली करके अन्य पार्टियां पेन को विफल में कितनी सफल हो पाती हैं. वामपंथी पार्टी न्यू पॉपुलर फ्रंट और मैक्रों के नेतृत्व वाले गठबंधन के नेताओं ने संकेत दिए हैं कि वे उन जिलों में अपने उम्मीदवारों को वापस ले लेंगे, जहां अगले रविवार के होने वाले दूसरे दौर के चुनाव में आरएन को हराने के लिए कोई अन्य उम्मीदवार बेहतर स्थिति में है।हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि वे ऐसा समझौता कैसे लागू करेंगे, अगर वामपंथी उम्मीदवार न्यू पॉपुलर फ्रंट के प्रमुख सदस्यों में से एक जीन-ल्यूक मेलेनचॉन की फ्रांस अनबोड (एलएफआई) पार्टी से हो. उग्र वक्ता मेलेनचॉन फ्रांसीसी राजनीति में सबसे विभाजनकारी व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं, जो अपने बेलगाम टैक्स व खर्च प्रस्तावों और युद्ध की बयानबाजी से मतदाताओं को उत्साहित और भयभीत करते हैं। मैक्रों की पार्टी के सहयोगी वित्त मंत्री ब्रूनो ले मायेर ने मतदाताओं से एलएफआई उम्मीदवार चुनने का आह्वान करने से इनकार किया. उन्होंने फ्रांस इंटर रेडियो से कहा कि एलएफआई राष्ट्र के लिए खतरा है. वामपंथी गठबंधन की वरिष्ठ सदस्य मरीन टोंडेलियर ने कुछ ही मिनटों बाद उसी रेडियो स्टेशन से कहा कि वह ब्रूनो ले मायेर के रुख से बिल्कुल हैरान हैं, उन्होंने इसे कायरतापूर्ण और विशेषाधिकार प्राप्त बताया.

**फ्रांस में दो चरणों में होते हैं संसदीय चुनाव**

फ्रांस में नेशनल असेंबली (संसद) की 577 सीटें हैं. देश में दो चरणों में संसदीय चुनाव होते हैं. दूसरे चरण का चुनाव सात जुलाई को होना है. अगर मध्यावधि चुनाव में राष्ट्रपति मैक्रों के नेतृत्व वाले गठबंधन की हार होती है और नेशनल रैली को बहुमत मिलता है तो मैक्रों को विरोधी दल के पीएम के साथ करना होगा. लेकिन संसदीय चुनाव का उनके कार्यकाल पर कोई असर नहीं पड़ेगा. राष्ट्रपति के तौर पर मैक्रों का कार्यकाल 2027 तक है. वर्तमान में फ्रांस के प्रधानमंत्री गैब्रियल अट्टल हैं. 577 सदस्यों वाली संसद में बहुमत का आंकड़ा 289 है. वहीं, पहले राउंड के चुनाव में 12.5 प्रतिशत से कम वोट पाने वाली पार्टियां दूसरे दौर से बाहर हो जाएंगी.

## नेपाल : ओली ने मांगा प्रधानमंत्री का इस्तीफा, गठबन्धन टूट की औपचारिक घोषणा बाकी



**काठमांडू।** नेपाल का सत्ताधारी गठबन्धन टूट के कगार पर पहुंच गया है। बस इसकी औपचारिक घोषणा बाकी है।
नेपाल के सत्तारूढ़ गठबन्धन के प्रमुख घटक दल नेकपा एमाले नेता केपी शर्मा ओली और प्रमुख विपक्षी दल के नेता शेरबहादुर देउवा के बीच नया सत्ता समीकरण बनाने की सहमति के बाद प्रधानमंत्री प्रचण्ड से इस्तीफा देने की मांग की गई है। सोमवार सुबह प्रधानमंत्री निवास पहुंच कर केपी शर्मा ओली ने प्रचण्ड से इस्तीफा देने का आग्रह किया। ओली का कहना है कि नया सत्ता समीकरण बनने के बाद बहुमत गंवा चुके प्रधानमंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। जवाब में प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने ओली को इसी गठबन्धन का नेतृत्व करने की पेशकश की। ओली से मुलाकात के दौरान प्रचंड ने वाम एकता को कायम रखने के लिए भी इस गठबन्धन को बचाना जरूरी होने की बात कही है। प्रचण्ड ने कहा कि वे ओली का समर्थन करने के लिए भी तैयार हैं लेकिन ओली ने कहा कि दूसरी तरफ समझौता हो चुका है इसलिए अब इस पर पुनर्विचार नहीं हो सकता।

## तालिबान प्रतिनिधिमंडल ने सशर्त संयुक्त राष्ट्र की बैठक में भाग लिया



**इस्लामाबाद।** तालिबान का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को कतर में अफगानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र की बैठक में शामिल हुआ। आयोजकों के इस आश्वासन के बाद प्रतिनिधिमंडल बैठक में शामिल हुआ कि महिलाओं को इस बैठक में शामिल नहीं किया जाएगा। दो दिवसीय यह बैठक कतर की राजधानी दोहा में अफगान संकट पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित तीसरी बैठक है। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता और उसके प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले जबीहुल्ला मुजाहिद ने ह्यएक्सह्न पर लिखा कि प्रतिनिधिमंडल ने बैठक से इतर रूस, भारत और उज्बेकिस्तान सहित अन्य देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। पहली बैठक में तालिबान को आमंत्रित नहीं किया गया और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि तालिबान ने फरवरी में हुई दूसरी बैठक में शामिल होने के लिए कुछ शर्तें रखीं, जिनमें अफगान नागरिक समाज के सदस्यों को वार्ता से बाहर रखने तथा तालिबान को देश का वैध शासक मानने की शर्त शामिल थी। तालिबान ने 15 अगस्त, 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता पर नियंत्रण हासिल किया था।

## सिंगापुर की धर्मगुरु को साढ़े दस साल की जेल, भक्तों से 43 करोड़ रुपए ठगे



**सिंगापुर।** सिंगापुर की धर्मगुरु व मे हो (54) को साढ़े दस साल जेल की सजा हुई है। कोर्ट ने उन्हें अपने भक्तों के साथ धोखाधड़ी करने और उन्हें चोट पहुंचाने समेत 5 आरोपों में दोषी पाया। वू मे हो पर आरोप है कि वह
अपने भक्तों का ब्रेनवॉश कर उन्हें बताती थी कि वह एक देवी है। अगर भक्त उसके आदेश का पालन नहीं करते तो हो उन्हें क्रूर सजा देती थी। वह भक्तों को उनका मल खिलाती थी और प्लास से उनके दांत निकालने को कहती थी। यही नहीं, वह भक्तों पर कैंची से वार करती थी और
उन्हें इमारत की दूसरी मंजिल से कूदने को भी कहती थी।
सिंगापुर के न्यूज चैनल उठअ की रिपोर्ट के मुताबिक, वू मे हो खुद को भारतीय धर्मगुरु श्री शक्ति नारायणी अम्मा का भक्त बताती है। श्री शक्ति नारायणी अम्मा के भक्त उनको देवी नारायणी का पहला ज्ञात अवतार बताते हैं । वू मे हो सिंगापुर में साल 2012 से 30 भक्तों के समूह वाला एक आश्रम चला रही है। लोग उस पर विश्वास करें, इसके लिए वह हमेशा देवी जैसी साड़ी और मेकअप करके रहती है।
वूमे हो 2012 में श्री शक्ति नारायणी अम्मा से जुड़ी
साल 2012 में ही श्री शक्ति नारायणी अम्मा से सीधे तौर पर जुड़ी थी। इस दौरान उसने देवताओं और आत्माओं से बात करने वाली देवी के रूप में खुद की पहचान बनानी शुरू की। इसके बाद उसने अपने भक्तों से खुद को भगवान कहने को कहा।
कोर्ट में मे हो के भक्तों ने बताया कि हम अपनी बीमारियां ठीक करने और जीवन बेहतर करने के लिए उसके पास जाते थे। इसी दौरान वू मे हो लोगों से पैसे मांगती थी। वह कहती थी कि उन्हें
अपने 'बुरे कर्म' को साफ करने के लिए भारत में अम्मा को पैसे भेजने होंगे। इस तरह वू ने भक्तों से 43 करोड़ रुपए ठगे ।
वू का दावा- दान का पैसा भारत में गायों की देखरेख, मंदिर और स्कूल बनाने पर खर्च किया: वू ने दावा किया कि दान के पैसे को भारत में गायों की देखरेख, मंदिर और स्कूल बनाने के लिए खर्च करती है। 10 भक्तों ने वू पर आरोप लगाया कि उनसे जरूरी सामान खरीदने को कहा, खाना बनवाया, घर की सफाई करवाई और घूमने के लिए गाड़ियों का इंतजाम करने को मजबूर किया।